


दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-315 | सीहोर, रविवार 09 फरवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# दिल्ली में भाजपा की जीत, केजरीवाल हारे



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव का रिजल्ट सामने आ चुका है। केजरीवाल-मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नाम हार चुके हैं। दिल्ली की सभी 70 सीटों पर पांच फरवरी को मतदान हुआ था और इस बार 60.54 फीसदी मतदान हुआ, जबकि दिल्ली में पिछली बार 62.60 प्रतिशत मतदान हुआ था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की बहुत बुरी हार हुई है। कांग्रेस की कहीं चर्चा नहीं है, क्योंकि पार्टी लगातार तीसरी बार खाता खोलने में नाकाम रही है। यह सवाल यही है कि भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री कौन बनेगा? कई नाम रेस में बताए जा रहे हैं जिनमें मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी और प्रवेश वर्मा शामिल हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर स्मृति ईरानी और नुपूर शर्मा की चर्चा भी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार का राष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ेगा। पंजाब में हलचल तेज हो सकती है। इंडी गठबंधन में उठा-पटक हो सकती है। पीएम मोदी ने दी जीत की बधाईपीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा- जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन। आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार।दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। मुझे भाजपा के अपने सभी कार्यकर्ताओं पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया।

## दिल्ली सचिवालय से फाइल और दस्तावेज बाहर नहीं ले जा सकते : एलजी वीके सक्सेना

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों के बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक अहम आदेश दिया। उन्होंने कहा है कि सचिवालय परिसर से किसी भी सरकारी फाइल, दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर या अन्य संवेदनशील सामग्री को बाहर न ले जाया जाए।उपराज्यपाल के इस आदेश का उद्देश्य सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति के बिना सचिवालय परिसर में किसी भी फाइल, दस्तावेज या कंप्यूटर हार्डवेयर की सुरक्षा को लेकर यह कदम उठाया गया है। एलजी के आदेश में यह स्पष्ट है कि कोई भी दस्तावेज, फाइल या कंप्यूटर हार्डवेयर सचिवालय से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है।इससे पहले, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट की ओर से भी इस संबंध में आदेश जारी किया गया था। जीएडी ने आला अधिकारियों को तत्काल दिल्ली सचिवालय पहुंचकर सरकारी दस्तावेजों और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट (जीएडी) द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया था कि





किसी भी दस्तावेज़, कंप्यूटर हार्डवेयर या अन्य सरकारी सामग्री को बिना अनुमति के दिल्ली सचिवालय परिसर से बाहर नहीं ले जाया जाए। यह निर्देश सभी संबंधित शाखाओं और विभागों के अधिकारियों को जारी किया गया है, ताकि सचिवालय के तहत सुरक्षित तरीके से रिकॉर्ड, फाइल, दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक फाइल्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आज आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई आप-दा की हार हुई - पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए.)। पीएम मोदी ने शनिवार को भाजपा की प्रचंड जीत के बाद आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। दिल्ली में 27 साल बाद ऐतिहासिक जीत मिलने पर बीजेपी मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी ने कहा, आज आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई आप-दा की हार हुई है। इस नतीजे में भाजपा के कार्यकर्ताओं की दिन रात की मेहनत चार चांद लगा देता है। सभी बीजेपी कार्यकर्ता इस जीत के हकदार हैं। मैं सभी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देता हूं। आज दिल्ली की जनता ने साफ कर दिया है कि दिल्ली की असली मालिक दिल्ली की जनता है। जिनको दिल्ली का मालिक होने का घमंड था, उन्हें सच से सामना हो ही गया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, दिल्ली के नतीजों ने ये भी साबित कर दिया कि राजनीति में शार्टकट और झूठ-फरेब के लिए कोई जगह नहीं है। शार्टकट वालों का दिल्ली की जनता ने शार्ट सर्किट कर दिया।



## प्रवेश वर्मा का परिवारः पिता पूर्व CM, चाचा रह चुके NDMC के मेयर, खुद अरविंद केजरीवाल को दी शिकस्त

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 27 साल पर राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में वापसी की है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस चुनाव में सबसे ज्यादा जिस सीट के परिणामों ने सबको चौंकाया, वह है नई दिल्ली सीट। इस सीट पर भाजपा के प्रवेश वर्मा ने आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल को शिकस्त दी। नई दिल्ली सीट पर प्रवेश वर्मा को जहां 30,088 वोट मिले। वहीं, केजरीवाल को 25,999 वोट मिले। कांग्रेस के संदीप दीक्षित को मात्र 4,568 वोट मिले। दिल्ली के तीन बार मुख्यमंत्री रहे केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा कौन हैं और उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या है, आइए इसके बारे में जानते हैं-प्रवेश वर्मा का जन्म 7 नवंबर 1977 को दिल्ली के एक जाट परिवार में हुआ।

## झूठ एवं लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम का स्पष्ट संकेत : सीएम योगी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली प्रतिक्रिया दी। सीएम योगी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम झूठ एवं लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम का स्पष्ट संकेत है।सीएम योगी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजना के कार्य पिछले 11 सालों से निरंतर चल रहे हैं, ये उनकी विजय है। मैं पीएम मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह समेत केंद्रीय नेतृत्व को ढाई दशक के बाद दिल्ली में कमल खिलाने के लिए दिल से अभिनंदन करता हूं। दिल्ली में झूठ और लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम लगा है। अब हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी विकास, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ दिल्लीवासियों को प्रदान करने में सफल होगी।

## सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाब रहे, लेकिन जनता ने नहीं दिया जनादेश

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाब रही, लेकिन जनता ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में लाने के लिए जनादेश नहीं दिया। खरगे ने जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा कि कांग्रेस दिल्ली में प्रदूषण, यमुना सफाई, बिजली, सड़क, पानी और विकास के मुद्दों को उठाती रहेगी और जनता से जुड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता के हित में सरकार के खिलाफ माहौल बनाया था। लेकिन जनता ने हमें जनादेश नहीं दिया, जैसा कि हम उम्मीद कर रहे थे। हम जनादेश को स्वीकार करते हैं। खरगे ने कहा, विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर काम कर रहा था। लेकिन अभी भी और कड़ी मेहनत और संघर्ष की जरूरत है।



### लगातार तीसरी बार करना पड़ा हार का सामना

कांग्रेस को दिल्ली में लगातार तीसरी बार चुनावी हार का सामना करना पड़ा। पार्टी दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसे प्रमुख सीटों में भी हार का सामना करना पड़ा। यह तीसरी बार था, जब कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली। इससे पहले 2020 और 2015 के चुनावों में भी कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में पवित्र स्नान कर धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव के साथ पूजा-अर्चना की।

## फडणवीस ने केजरीवाल को बताया भ्रष्टाचार का प्रतीक; बोले- दिल्ली वाले झूठ की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेंगे

मुंबई (ए.)। राष्ट्रीय राजधानी में 26 साल बाद भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है। आम आदमी पार्टी (आप) का चौथी बार सरकार बनाने का सपना चकनाचूर हुआ है। कुछ बेहतर की उम्मीद लगाए बैठी कांग्रेस की फिर दुर्गति हुई है और पार्टी का लगातार तीसरे चुनाव में खाता तक नहीं खुल पाया है। आप की हार और भाजपा की जीत पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर शनिवार को खुशी व्यक्त की। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के लोगों ने दिखा दिया कि वे अब झूठ की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेंगे। देवेंद्र फडणवीस ने आगे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का प्रतीक भी करार दिया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि 27 साल के अंतराल के बाद, भाजपा दिल्ली में फिर से चुनी गई है। दिल्ली के लोगों ने साबित कर दिया कि वे झूठ की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण पर विश्वास रखते हुए भाजपा को वोट दिया। यहां तक कि दिल्ली में रहने वाले मराठी लोगों ने भी मोदीजी को वोट दिया। आगे बोलते हुए फडणवीस ने यह विश्वास भी जताया कि एक हैं तो सुरक्षित हैं का नारा भविष्य में पूरे देश में काम करेगा। यह पहले ही महाराष्ट्र, हरियाणा और अब दिल्ली में देखा जा चुका है और यह काम करना जारी रखेगा।



## बीजेपी ने मिल्कीपुर में लिया अयोध्या की हार का बदला, चंद्रभानु पासवान ने सपा के 'पोस्टर बॉय' से छीनी जीत

अयोध्या (आरएनएस)। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने बाजी मार ली है. बीजेपी के चंद्रभानु पासवान ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अजीत प्रसाद को 60 हजार से अधिक वोटों से मात देते हुए जीत हासिल की है. माना जा रहा है कि मिल्कीपुर में जीत के साथ बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में अयोध्या में मिली हार का बदला ले लिया है.यूपी में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने मिल्कीपुर सीट से अवधेश प्रसाद को टिकट दिया था और उन्होंने जीत भी हासिल की थी. इसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अवधेश प्रसाद को अयोध्या की सीट विधानसभा चुनाव लड़ा दिया था, जिसके बाद से यह सीट खाली थी.मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजों की बात करें तो बीजेपी के चंद्रभानु पासवान को 146397 वोट मिले हैं जबकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अजीत प्रसाद को 84687 वोटों पर संतोष करना पड़ा है. हार और जीत के बीच 61710 वोटों का अंतर है. मिल्कीपुर की यह जीत बीजेपी के लिए बड़ी जीत मानी जा रही है. खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी।





## दोस्त की जगह कांस्टेबल परीक्षा देने आया मुन्नाभाई पकड़ाया

**-सिक्योरिटी गार्ड है आरोपी दोस्त, आधार कार्ड में फोटो लगाकर किया था फर्जीवाड़ा**

भोपाल(ए)। रातीबड़ थाना क्षेत्र में स्थिल एक कॉलेज सेंटर में अपने दोस्त की जगह जीडी कांस्टेबल की परीक्षा देने आये मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया गया है। उसका आधार कार्ड जांच करते समय उसकी कारस्तानी सामने आ गई थी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित में कियोस्क नगर में रहने वाले मयंक पाल पिता बृजेश्वरी पाल (36) ने बताया की वह एसएससी जीडी परीक्षा दिलाने वाली कंपनी में मैनेजर हैं। राधारमण कॉलेज में एसएससी जीडी का सेंटर बनाया गया था। सेंटर में परीक्षार्थी मनोज गेहलोत के एडमिट कार्ड को लेकर एक युवक आया था। लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आने पर उससे आधार कार्ड मांगा गया। उसने जो आधार कार्ड दिया उसमें मनोज गेहलोत की तस्वीर थी। जब कंपनी ने अपने पास मौजूद रिकार्ड चैक किया तब पता चला की परीक्षार्थी के आधार कार्ड पर लगा फोटो अलग-अलग है।

# प्रयागराज आने वाले रास्तों पर भीषण जाम, मध्य प्रदेश में वाहनों को रोका गया



नई दिल्ली (ए.)। महाकुंभ में एक बार फिर से लोगों की भीड़ आनी शुरू हो गई है। 27वें दिन शनिवार एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते प्रयागराज आने वाली अधिकतर सड़कों पर जाम की स्थिति है। हजारों की तादाद में लोग प्रयागराज के बाहर जाम में फंसे हुए हैं। वहीं प्रयागराज में भी लोगों को घाटों तक पहुंचने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है।

भारी भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थल व रूटों पर आपात प्लान लागू कर दिया गया है। अगर बात प्रयागराज आने वाले रूट की करें तो फाफामऊ से प्रयागराज, झूंसी से प्रयागराज, जसरा से प्रयागराज आने वाले रास्तों पर भारी जाम लगा हुआ है। वाराणसी और मिर्जापुर हाईवे पर शनिवार को पांच-पांच किमी तक वाहनों की कतार लग गई है। संगम से 10 से 15 किलोमीटर पहले से ही वाहन रेंग रहे हैं। हाईवे से शहर में आने वाले प्रमुख मार्ग दिन में पूरी तरह से चोक हो गए हैं। इसके अलावा अंतरजनपदीय डायवर्जन प्वाइंटों से लेकर जनपदीय सीमाओं पर भी वाहनों की कतार लगी।

वाराणसी व मिर्जापुर हाईवे पर सुबह ही पांच-पांच किमी का जाम लग गया। नैनी में नए यमुना पुल से लेकर सरगम चौराहे तक तो झूंसी में शास्त्री ब्रिज से लेकर अंदावा तक वाहनों की कतार लगी रही। पुराने यमुना पुल पर भी भीषण जाम रहा। नए पुल पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया था, ऐसे में चौराहा पूरी तरह से चोक हो गया।उधर मध्य प्रदेश में महाकुंभ के लिए जाने वाले सैकड़ों वाहनों को भारी यातायात और भीड़भाड़ से बचने के लिए रोक दिया गया है। कुछ स्थानों पर स्थानीय यातायात पुलिस ने यात्रियों से वापस लौटने का अनुरोध भी किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात से ही उत्तर की ओर जाने वाले वाहनों, जिनमें से अधिकांश श्रद्धालु थे, को उत्तर प्रदेश के अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद ही आगे बढ़ने दिया जा रहा है।महाराष्ट्र और दक्षिणी राज्यों से आने वाले अधिकांश वाहन सुबह से ही कटनी, मैहर और रीवा जिलों में फंसे हुए हैं। रीवा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) साकेत प्रकाश पांडे ने बताया कि वाहनों को चाकघाट पर रोका जा रहा है।

### दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर उज्जैन में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

उज्जैन,(आरएनएस)। शनिवार को आए परिणामों में दिल्ली में भाजपा का 27 साल का वनवास खत्म हो गया। भाजपा की करीब 48 सीटों पर जीत टॉय मानी जा रही है, जबकि आम आदमी पार्टी सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई है। दिल्ली से आए रुझानों ने भाजपा खेमे में खुशी की लहर पैदा कर दी है।दिल्ली में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उज्जैन के फ्रीगंज स्थित लोकशक्ति कार्यालय में जश्न मनाया। यहां कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस जश्न का हिस्सा बने।बीजेपी के जगदीश पांचाल ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि 27 साल का सूखा खत्म हुआ है, इसीलिए आज भाजपा पार्टी में खुशी का माहौल है। भाजपा ने दिल्ली में भगवा झंडा लहरा दिया है। दिल्लीवासियों ने आम आदमी पार्टी को इस कदर नकारा कि पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज तक चुनाव हार गए। दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह जीत विकास और सुशासन की है।

# आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं ने समाज को प्रदान की नई दिशा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## एकात्म धाम में हुआ आचार्य शंकर के जीवन पर केंद्रित कथा प्रसंग कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री ने आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी और अन्य संतों से प्राप्त किया आशीर्वाद

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आदि शंकराचार्य जी केरल के छोटे से स्थान से मध्यप्रदेश आकर नर्मदा मैया के तट पर पहुंचे और बाल्यावस्था में परिपक्व दृष्टिकोण के साथ समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनकी शिक्षाओं ने धर्म और दर्शन को एक नई दिशा प्रदान की। यह शिक्षाएं और दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ स्थित एकात्म धाम में शनिवार की शाम आयोजित आचार्य शंकर पर केंद्रित कथा प्रसंग कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर मप्र की झलकियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पहले प्रयागराज में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज के शिविर में पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अध्यात्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं पर विचार-विमर्श किया। प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र स्थित एकात्म धाम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जब हम एकात्मता की बात करते हैं तो आदि शंकराचार्य जी के संदेश का स्मरण करते हैं। एक ध्येय वाक्य है यत् पिंडे-तत् ब्रह्मांडे अर्थात देह



के अंदर ब्रह्मांड की तरह सब कुछ स्थिर है, जो शक्ति ब्रह्मांड को चला रही है वहीं देह का संचालन करती है। आचार्य शंकर ने जीवन से बढ़कर उन्होंने अपने प्रत्येक क्षण को पुरुषार्थी भाव से जी कर वर्तमान देश की सांस्कृतिक एकता और सनातन धर्म के लिए काम किया। उस काल में लिए गए सभी संकल्प, चराचर जगत में सदैव उनका अनुसरण करते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज में न्यास की ओर से जितने आयोजन हो रहे हैं, उनमें मध्यप्रदेश सरकार की भूमिका रहेगी। मध्यप्रदेश सरकार न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सदैव साथ है। इन प्रयासों को तेज गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नायक हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गंगा के तट पर डुबकी लगाने आए। पूरा देश कुंभ के आनंद में है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकात्म धाम शिविर और यहां विराजे परमपूज्य शंकर भारती महाराज, महास्वामी संस्थापक वेदांत भारती, मठाधिपति योगानंदम मठ, मैसूर के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से विशिष्ट जन का अभिनंदन किया। उन्होंने कथा व्यासपीठ पर विराजमान परमपूज्य गोविंद देव महाराज, कोषाध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र और एकात्म धाम में विराजे अन्य सभी संतों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आज भी शंकराचार्य जी सभी को आशीर्वाद दे रहे हैं। सनातन धर्म की प्रतिष्ठा से भारत की पताका उन्नत आकाश की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज में देश भर से आए श्रद्धालुओं से भी भेंट की। मध्यप्रदेश के अनेक श्रद्धालुओं ने मख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ चर्चा भी की और छायाचित्र भी खिंचवाए।

## जल-जंगल-जमीन पर सबसे पहला अधिकारी आदिवासी वर्ग : जीतू पटवारी

भोपाल, (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित आदिवासी कांग्रेस विभाग द्वारा आदिवासी लीडरशिप डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर एवं साक्षात्कार के लिए आयोजित बैठक में उपस्थित प्रदेश के सभी जिलों से आये आदिवासी वर्ग पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि आदिवासी इस देश का मालिक है, जल-जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार आदिवासी वर्ग का है। आदिवासी वर्ग के महापुरूषों चाहे वो बिरसा मुंडा हो, टंट्या भील हो या रघुनाथ शाह-शंकरशाह हो या वीरांगना रानी दुर्गावती हो इन सभी ने देश की आजादी में अपना योगदान दिया और आदिवासी वर्ग की रक्षा और सम्मान को अक्षुण्ण बनाये रखने में महती भूमिका का निर्वहन किया। जीतू पटवारी ने कहा कि देश की युवा शक्ति लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी जातिगत जनगणना के पक्ष में है, क्योंकि जातिगत जनगणना से हर वर्ग के मध्यम और गरीबों को उसका लाभ मिलेगा। आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता का अवसर मिलेगा। आदिवासियों का और कांग्रेस का और संविधान का प्रकृति का आपस में गहरा रिश्ता है जो हमें जल-जंगल से ही मिला है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण जीवन के लिए हवा और जल है उससे ही हर व्यक्ति को जीवन जीने के लिए आक्सीजन और ऊर्जा मिलती है।

## जया वर्मा सिन्हा भारतीय रेल की पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

### भारतीय रेलः कश्मीर चलें हम!




भोपाल (निप्र)। चिनाब नदी के गहरे हरे पानी को मापता दुनिया का सबसे ऊँचा रेल पुल, आपको तेज़ सर्द हवाओं के साथ रोमांच का भी अनूठा एहसास कराता है। ऊंची-ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा चिनाब नदी का यह पुल, समुद्र तल से 359 मीटर ऊपर है - ऊँचाई में, एफिल टॉवर से 35 मीटर, और कुतुब मीनार से लगभग पाँच गुना ज़्यादा ऊँचा! बादलों का मुकुट पहने, पहाड़ों के सीने पर चौड़ी और मज़बूत नींवों के सहारे अडिग खड़ा यह पुल भारतीय रेल की प्रौद्योगिकी चेतना का प्रतीक तो है ही, हमारी आधुनिकीकरण की आकांक्षाओं का सचेतक भी है। अत्याधुनिक मशीनरी और रखरखाव से लैस, 266 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ़्तार की हवाओं का सामना करने में सक्षम, चिनाब पुल उधमपुर - श्रीनगर - बारामुला रेल लिंक (SBRL) की उत्कृष्ट उपलब्धियों का द्योतक है।

लगभग 37,000 करोड़ की लागत से निर्मित, USBRL की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन, विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। दुर्गम गहन घाटियों और ऊँचे पहाड़ों को चीरती ये रेलवे लाइन 943 पुलों और 36 मुख्य सुरंगों से होकर गुज़रती है, जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग, T-50, जो 12.77 किलोमीटर लंबी है, शामिल है। SBRL के कटरा - बनिहाल सेक्शन पर भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल, अंजी खड्ड ब्रिज है। 96 केबल्स के सहारे टिका, समुद्र तल से 331 मीटर ऊँचा और 725 मीटर लंबा पुल, डिज़ाइन और इंजीनियरिंग का बानगी है। कश्मीर को समग्र और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करती यह लाइन, दुनिया के सबसे आकर्षक एवं सुहावने मंज़र को भी अपने अनुभवों में पिरोए हुए है। यह रेल लिंक पर्यटन, व्यापार और सुरक्षा को बढ़ावा देने में सक्षम है जिससे जम्मू और कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य मे भी उन्नति होगी। इस लाइन पर बने रेलवे स्टेशन जम्मू और कश्मीर की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। काज़ीगुंड, जिसे कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है, दक्षिण कश्मीर और पूर्वी क्षेत्रों के मध्य एक महत्वपूर्ण संपर्क के रूप में कार्य करता है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर और अनंतनाग स्टेशन कश्मीर घाटी की आर्थिक गतिविधि के प्रमुख केंद्र हैं। इसके अलावा, रियासी एवं कटरा स्टेशन, माता वैष्णो देवी मंदिर से निकटता के कारण आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। जल्द ही कटरा से श्रीनगर के लिए अत्याधुनिक वन्दे भारत ट्रेन का USBRL रेलवे लाइन पर नियमित रूप से परिचालन होगा, जिसका हम सब देशवासियों को भी बेसब्री से इंतज़ार है! यहाँ परिचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को कश्मीर की सर्दी एवं बर्फ़बारी की चुनौतीपूर्ण परिस्तिथियों में सुचारू संचालन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं के अलावा, इसके उन्नत हीटिंग सिस्टम्स यह सुनिश्चित करते हैं कि यह ट्रेन, शून्य से नीचे के तापमान में भी, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करे। ड्राइवर के सामने के ग्लास मे भी हीटिंग उपकरण लगे है, ताकि सर्दी में भी स्पष्ट दृश्यता हो सके। कश्मीर की अपनी वन्दे भारत विश्व स्तरीय यात्रा के लिए तैयार है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत हमेशा एक रहा है। भारतीय रेल की यह नवनिर्मित रेलवे लाइन, इस क्षेत्र को वर्षों से बाधित विकास कार्यों को पूरा करने के साथ कश्मीर को निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है, जिसके साथ ही यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नये आयाम तय करेगा।कश्मीर घाटी का प्रहरी, पीर पंजाल, बनिहाल सुरंग से गुज़रती ट्रेन के पहियों के मधुर संगीत के इंतजार मे है! सचमुच, कश्मीर अब दूर नहीं है!

## 07099/07100 नांदेड़-पटना-नांदेड़ कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07099/07100 नांदेड़-पटना-नांदेड़ कुंभ मेला विशेष ट्रेन (01-01 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 07099 नांदेड़-पटना कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07099 नांदेड़-पटना कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 13 फरवरी 2025 (गुरुवार) को नांदेड़ स्टेशन से रात 23.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 13.10 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 10.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 07100 पटना-नांदेड़ कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07100 पटना-नांदेड़ कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 15 फरवरी 2025 (शनिवार) को दोपहर 15.30 बजे पटना स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 14.40 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 04.30 बजे नांदेड़ स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्टः**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में पूर्णा जंक्शन, बासमत, हिंगोली डेक्कन, वाशीम, अकोला जंक्शन, मलकापुर, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में 16 शयनयान श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 सामान्य श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## अवैध सट्टे खेलने एवं खिलाने वाले 03 सटोरियों को किया गिरफ्तार

भोपाल,(आरएनएस)।टीला जमालपुरा इलाके में भैया कचरा गिरोह के दो सटोरी घर से सट्टे का अवैध कारोबार चला रहे थे। पिनपॉइंट सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घर में दबिश दी और दोनों सटोरियों को हिरासत में ले लिया। पूरी कार्रवाई का वीडियो भी सामने आया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों रुपए कैश, हिसाब-किताब के रजिस्टर और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।एडिशनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि, सटोरियों की पहचान जुबैर खान, असगर अंसारी और शाहवाज खान के रूप में हुई। मुखबिर की सूचना के बाद, पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके से 22 हजार रुपए सहित अन्य समाग्री जब्त की गई है। इसमें और कितने लोगों की भूमिका है। इसका पता लगाया जा रहा है। गिरोह के सरगना भैया कचरा की भी तलाश की जा रही है।

## महिला यात्री की जान बचाने में रेलवे आरपीएफ का तत्पर प्रयास



भोपाल (निप्र)। दिनांक 08.02.2025 को सवारी गाड़ी संख्या 12137 के हरदा स्टेशन पर एक महिला यात्री की गंभीर स्वास्थ्य समस्या को लेकर रेलवे प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तत्परता ने एक आपात स्थिति को सफलतापूर्वक संभाला। स्टेशन मास्टर हरदा को सूचना मिली कि ट्रेन के एचए-1 कोच में यात्रा कर रही महिला यात्री जागृति (पत्नी श्री शिव कुमार, निवासी मुंबई) को असहनीय पेट दर्द हो रहा है और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। स्टेशन मास्टर हरदा ने तुरंत सक्रिय होकर आरपीएफ की टीम को सूचित किया। सहायक उप निरीक्षक रूपेंद्र बुवाडे और आरक्षक मुकेश सिंह ने तुरंत कोच में पहुंचकर स्थिति का आकलन किया और महिला यात्री जो मुंबई से ललितपुर की यात्रा पर थीं, को परिजनों के साथ तुरंत कोच से उतारा गया और पास के प्राइवेट सिटी हॉस्पिटल, हरदा में भर्ती कराया गया। रेलवे प्रशासन और आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई ने यह सुनिश्चित किया कि यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है, और इस घटना ने आपातकालीन स्थितियों में रेलवे और आरपीएफ के आपसी तालमेल और तत्परता को दर्शाया है। रेलवे प्रशासन यात्रियों को आश्वस्त करता है कि रेलवे की टीम हर परिस्थिति में उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए तैयार है।




मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज प्रयागराज महाकुंभ में स्वामी अवधेशानंद जी महाराज से उनके शिविर में पहुंचकर भेंट की और आशीर्वाद लिया।

## ग्राहक युवक ने शादी का झांसा देकर दो साल तक युवती से किया दुष्कर्म

भोपाल(ए)। बागसेवनिया इलाके में पिता के साथ दुकान पर जाने वाली युवती को ग्राहक युवक द्वारा प्रेम-जाल में फासंने के बाद दो साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया की वह पहले अयोध्या नगर इलाके की एक कालोनी में रहती थीं। उसके पिता वहां पर किराने की दुकान चलाते थे। वह भी अपने पिता के साथ दुकान पर बैठती थी। दुकान पर सामान लेने के लिये सचिन सिंह सिंगरोल नामक युवक अक्सर आता जाता रहता था। इसके चलते उनके बीच जल्द ही जान पहचान हो गई। बाद में सचिन ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे शादी करने का प्रस्ताव दिया। इसी दौरान युवती के पिता का देहांत हो गया जिसके बाद युवती बागसेवनिया इलाके में अपने चाचा के घर रहने आ गई। काफी दिनो के प्रेम-प्रसंग के बाद युवती ने सचिन से शादी करने के लिये अपनी सहमति दे दी। इसके बाद साल 2022 में सचिन युवती से मिलने उसके घर गया और जल्द ही शादी करने का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना डाले। इसके बाद दो साल तक सचिन उसका दैहिक शोषण करता रहा। इस बीच युवती जब भी उससे शादी करने का कहती तब वह कोई न कोई बहाना बनाकर उसे टाल देता था। बीते दिनों युवती ने जब उस पर शादी करने का दबाव बनाना शुरु किया तब उसने शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने उसे शादी के लिये मनाने की काफी कोशिश की लेकर आरोपी अपनी बात पर अड़ा रहा। परेशान होकर पीड़िता थाने पहुंची जहॉ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## रेत से भरे डंपर ने ओला कैब को मारी टक्कर, वृद्धा की मौत

भोपाल(आरएनएस)। टीटी नगर थाना इलाका स्थित पीतल मंदिर के करीब शुक्रवार देर रात रेत से भरे डंपर ने ओला कैब को रोड पार करते समय सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी बेटी दो नवासी (नातिन) सहित कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हैं। चारों का इलाज प्राइवेट अस्पताल में जारी है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जन्नतुलनिसा पति इब्राहीम (60) आदिवासी मोहल्ला श्यामला हिल्स में रहती थीं। शुक्रवार रात को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने करोंद परिवार के साथ गई थीं। जहां से देर रात ओला कैब से लौट रही थीं। पीतल नगर मंदिर के करीब रेत से भरे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय कार में बेटी आफ्रीन, नवासी मनतशा और कहकशा भी मौजूद थीं।टक्कर के कारण ओला चालक सहित चारों को गंभीर चोट आई। सभी को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां शनिवार की तड़के सुबह इलाज के दौरान जन्नतुलनिसा की मौत हो गई। शनिवार दोपहर को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में टीटी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के भांजे सैयद अली अंसारी ने बताया कि मंदिर के पास स्थित सिग्नल पर गाड़ी खड़ी थी। इसके ग्रीन होते ही चालक ने कैब को आगे बढ़ाया, तभी रेत से भरे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। इससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार लोग उसमें फंस गए। किसी तरह से राहगीरों ने उन्हें निकालकर अस्पताल पहुंचाया, हादसे के बाद से ही जन्नतुलनिसा बेहोश थीं, तड़के उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन कर्मचारी संघ में अनिल बाजपेई को चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया

भोपाल (आरएनएस)। भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्पलाइज एसोसिएशन की राष्ट्रीय बैठक में मध्य प्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई को चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। इस बैठक में कई अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की गईं। राजस्थान के अमरनाथ शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के सुनील सिंह को महासचिव नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश की लक्ष्मी ठाकुर को महासचिव, उड़ीसा के सुदर्शन खंडवा और पंजाब के विनय शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद दिया गया। उत्तराखंड के संतोष नेगी को राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश के धीरेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।सम्मेलन में बिहार, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तय किया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर केंद्रीय खाद्य मंत्री और सचिव से मिलेगा एवं कॉर्पोरेशन की समस्याओं पर चर्चा करेगा।संगठन ने गेन पॉलिसी और पीएमएस ओरिगो के निजीकरण के विरोध में मार्च 2025 से राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करने का भी निर्णय लिया है।

## शादी का झांसा देकर बनाए संबंध

भोपाल (आरएनएस)। एक युवक से युवती की दोस्ती हो गई। दोस्ती जब नजदीकी संबंधों में बदली तो युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों युवती ने जब शादी करने का दबाव डाला तो युवक ने शादी करने से मना कर दिया। इस पर युवती ने शुक्रवार युवक के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 28 वर्षीय युवती बागसेवनिया थाना क्षेत्र में रहती है। पूर्व में वह अयोध्या नगर इलाके की की पॉश कालोनी में रहती थी। उसके पिता वहां पर किराने की दुकान चलाते थे। युवती भी दुकान पर बैठा करती थी। सामान की खरीददारी के लिए दुकान पर सचिन सिंह सिंगरोल नाम के युवक का आना-जाना था। दोनों के बीच जल्द ही जान पहचान हो गई।जान पहचान दोस्ती में बदली तो युवक ने प्यार का इजहार करते हुए युवती को शादी का प्रस्ताव दिया। इस बीच युवती के पिता की मौत हो गई। इस पर युवती चाचा के घर बागसेवनिया इलाके में रहने आ गई। कई दिनों के प्रेम-प्रसंग के बाद युवती ने शादी करने के लिए हामी भरी तो वर्ष 2022 में युवक एक दिन युवती के घर पहुंच गया। जल्द शादी करने का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद वह दो साल तक युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। युवती जब भी शादी करने की बात कहती तो वह कोई न कोई बहाना बनाकर टालमटोल कर देता था। पिछले दिनों जब युवती ने शादी करने के लिए दबाव डाला तो युवक ने शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद युवती ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़कों, सार्वजनिक स्थलों से सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री तत्काल हटवायें

भोपाल, (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने प्रातःकाल नगर भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निगम द्वारा बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर पड़े सीएंडडी वेस्ट एवं भवन निर्माण सामग्री तत्काल उठवाने, सड़कों आदि पर गंदगी फैलाने व बर्तन आदि धोकर पानी बहाने वालों के विरूद्ध सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने, बिना अनुमति के बैनर/पोस्टर व अन्य प्रकार की प्रचार सामग्री लगाकर सम्पत्ति विरूपण करने वालों के विरूद्ध सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने और शहर को बैनर, पोस्टर फ्री शहर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने मार्गों, मुख्य मार्गों से पशुओं को हटाने के निर्देश समक्ष में एवं वी.सी.के माध्यम से दिए। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए समक्ष में व वी.सी. के माध्यम से निर्देशित किया कि सड़क किनारे व अन्य सार्वजनिक स्थलों से सीएंडडी वेस्ट एवं भवन निर्माण सामग्री को तत्काल हटवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निगम आयुक्त ने सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने व बर्तन आदि धोकर पानी फैलाने वाले खाद्य पदार्थ विक्रेताओं सहित अन्य दुकानदारों के विरूद्ध सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने विजीवल क्लीननेस के लिए साफ-सफाई बेहतर ढंग से कराने, कचरा, मिट्टी तत्काल उठवाने के निर्देश देते हुए कहा कि शहर में विजीवल क्लीननेस से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा बैठक

भोपाल (आरएनएस)। आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त संजीव सिंह ने जिला पंचायत सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, एडीएम सिद्धार्थ जैन, सीईओ स्मार्ट सिटी अंजू अरुण कुमार, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान संभागायुक्त सिंह ने समिट के दौरान यातायात प्रबंधन, प्रवेश पास की व्यवस्था और अतिथियों के आवागमन को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिट में शामिल होने वाले सभी आगंतुकों को उनके एंट्री समय और स्थान की स्पष्ट जानकारी दी जाए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके साथ ही उन्होंने एंट्री चेकिंग पॉइंट्स, मुख्य आयोजन स्थल और यातायात प्रबंधन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।संभागायुक्त ने भोपाल के शासकीय कार्यालयों में विशेष लाइटिंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे समिट के दौरान शहर का वातावरण आकर्षक और सुव्यवस्थित दिखे।

# अब आपके खातों में सेंध नहीं लगा सकेंगे जालसाज! आरबीआई ने डिजिटल फ्रॉड रोकने के लिए उठाया बड़ा कदम




मुंबई (ए) । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को ऐलान किया कि डिजिटल पेमेंट्स फ्रॉड को रोकने के लिए केंद्रीय बैंक 'बैंकडॉटइन' और 'फिनडॉटइन' डोमेन शुरू करेगा। इसमें से 'बैंकडॉटइन' भारतीय बैंकों के लिए एक एक्सक्लूसिव इंटरनेट डोमेन होगा, जबकि 'फिनडॉटइन' वित्तीय क्षेत्र की गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए होगा।

इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और फिशिंग जैसी गतिविधियों को कम करना है और सुरक्षित वित्तीय सेवाओं के लिए माहौल तैयार करना है, जिससे डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में लोगों का विश्वास बढ़े और बिना किसी चिंता के आसानी से डिजिटल लेनदेन कर सकें।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि इसके लिए इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) विशेष रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेगा। वास्तविक पंजीकरण अप्रैल 2025 में शुरू होगा। बैंकों के लिए विस्तृत दिशानिर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त वित्तीय क्षेत्र में अन्य गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए एक विशेष डोमेन 'फिनडॉटइन' रखने की योजना बनाई गई है। आरबीआई ने सुरक्षा की एक और परत सुनिश्चित करने के लिए क्रॉस बॉर्डर कार्ड नॉट प्रेजेंट लेनदेन में एडिशनल फैक्टर ऑफ ऑथेंटिकेशन को भी अनिवार्य किया है जैसा कि घरेलू डिजिटल भुगतान करते समय होता है।

डिजिटल भुगतान के लिए एडिशनल फैक्टर ऑफ ऑथेंटिकेशन (एएफए) की शुरुआत ने लेनदेन की सुरक्षा को बढ़ाया है, जिससे ग्राहकों को डिजिटल भुगतान में विश्वास हुआ है। हालांकि, यह आवश्यकता केवल घरेलू लेनदेन के लिए अनिवार्य है। आरबीआई के अल्टरनेटिव ऑथेंटिकेशन मैकेनिज्म (एएफए) दिशानिर्देशों के अनुसार अधिकांश डिजिटल भुगतानों के लिए ऑथेंटिकेशन की एक अतिरिक्त परत की आवश्यकता होती है। दिशानिर्देशों का उद्देश्य डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ाना है। लेन-देन के लिए उचित एएफए निर्धारित करने के लिए जारीकर्ता जोखिम-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग कर सकते हैं। इस दृष्टिकोण में लेनदेन के मूल्य, उत्पत्ति चैनल और ग्राहक और लाभार्थी के जोखिम प्रोफाइल आदि शामिल हैं।

## सेबी ने यूट्यूबर अस्मिता पटेल पर लगाया बैन

**- प्राधिकरण ने 54 करोड़ रुपए जब्त किए**

नई दिल्ली (ए)। सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने एक बार फिर से शेयर मार्केट में धांधली करने वालों पर कार्रवाई की है। सेबी ने यूट्यूबर अस्मिता जितेंद्र पटेल को निशाने पर रखते हुए उन पर बैन लगाया है। अस्मिता पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने गलत ट्रेडिंग टिप्स जारी करके निवेशकों को 104 करोड़ रुपए का चूना चटाया है। प्राधिकरण ने 54 करोड़ रुपए जब्त कर लिए हैं। सेबी की जांच में पाया गया है कि अस्मिता पटेल उनके प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग सिखाती थी और निवेशकों को भी निवेश की सलाह देती थी। सेबी ने अस्मिता के साथ ही उनके पति जितेश जेतलाल पटेल और अन्य चार संस्थाओं को निवेश की सलाह देने से बंद कर दिया है। प्राधिकरण ने उनकी कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है और अगर वे उत्तर नहीं देते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस स्कैंडल से तेज जारी हो रहे हैं कि सेबी फिर से धांधली करने वालों के खिलाफ कड़ी सख्ती का दिखाएगा।

## भारत का निर्यात चालू वित्त वर्ष में छू सकता है 800 अरब डॉलर का आंकड़ा

नई दिल्ली (ए) । भारत का निर्यात चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में 800 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। इसकी वजह देश के सभी सेक्टरों में मजबूत आर्थिक गतिविधि होना है। यह जानकारी सरकार द्वारा दी गई। यूनियन कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर, पीयूष गोयल ने कहा कि निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और पिछले चार सालों में इसमें काफी वृद्धि हुई है।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा,हम पहली बार 800 अरब डॉलर से अधिक निर्यात के साथ वित्तीय वर्ष समाप्त करेंगे।

हालांकि, घरेलू स्तर पर उपलब्धता की कमी और उच्च मांग के कारण पेट्रोलियम उत्पाद, कोकिंग कोयला, दालें और खाद्य तेल जैसे कुछ उत्पादों का आयात करना जरूरी हैं। घरेलू खपत बढ़ने के साथ आयात में वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है।

मंत्री के मुताबिक, उन क्षेत्रों में उत्पादन इकाइयां स्थापित करने और स्थापित करने में कुछ वर्ष लगेंगे।

वैश्विक बाजार में विभिन्न श्रेणियों में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ने के कारण, देश का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 778 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह 466 बिलियन डॉलर था, जो कि 67 प्रतिशत की भारी वृद्धि है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, विश्व व्यापारिक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी भी 1.66 प्रतिशत से बढ़कर 1.81 प्रतिशत हो गई, जिससे देश रैंकिंग में 20वें से 17वें स्थान पर पहुंच गया। यह उपलब्धि तब हासिल हुई जब सरकार ने निर्यात वृद्धि को बनाए रखने और तेज करने के लिए कई पहल लागू की हैं। देश ने शीर्ष 10 वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं में अपनी रैंक बनाए रखने या सुधारने के साथ कई प्रमुख उत्पाद श्रेणियों के निर्यात में तेज वृद्धि दर्ज की है।

## एलआईसी का मुनाफा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ा, एयूएम में भी हुई इजाफा

नई दिल्ली (ए) । भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम एकत्रित किया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है।

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये हो गई है।

एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन सुधरकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी।

मोहंती ने आगे कहा कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## फोनपे ग्रुप ने अकाउंट एग्रीगेटर बिजनेस से बाहर निकलने का किया ऐलान

नई दिल्ली ,(ए) । फिनटेक क्षेत्र के अग्रणी फोनपे ग्रुप ने शुक्रवार को अकाउंट एग्रीगेटर (एए) बिजनेस से बाहर निकलने का ऐलान किया। इसकी बजाय, वह बाजार में दूसरी एए कंपनियों के साथ साझेदारी करेगा।

फोनपे ग्रुप ने कहा है कि उसने हमेशा सभी भारतीयों के लिए वित्तीय समावेशन पर ध्यान केंद्रित करके उत्पाद तैयार करने की कोशिश की है, जो 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के देश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, हमें विश्वास है कि अकाउंट एग्रीगेटर (एए) इकोसिस्टम को बढ़ावा देना वित्तीय समावेशन को ठीक से आगे बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। साल 2022 तक एए इकोसिस्टम शैशवावस्था में था और शुरुआती चरण में इन्हें अपनाने वालों की संख्या भी कम थी। जून 2023 में, फोनपे ग्रुप को अपना खुद का अकाउंट एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म बनाने और एए इकोसिस्टम के विकास में तेजी लाने में मदद करने के लिए अपना खुद का एए लाइसेंस मिला था।

कंपनी ने बताया, यह केवल अंतिम उपभोक्ता (बी2सी) उत्पादों के निर्माण की हमारी सामान्य रणनीति से अलग था। हमें गर्व है कि हम दो साल से भी कम समय में अपने एए प्लेटफॉर्म पर लगभग पांच करोड़ भारतीयों को पंजीकृत करने में सफल रहे हैं।

हालांकि, प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं के कारण, हम अपने प्लेटफॉर्म पर जितने वित्तीय सूचना प्रदाताओं (एफआईपी) को जोड़ना चाहते थे, उतना नहीं कर पाए।

# नया इनकम टैक्स बिल अगले हफ्ते संसद में पेश होगा, नियमों के सरलीकरण पर रहेगा जोर

नई दिल्ली (ए) । आम आदमी के हाथ में अधिक पैसा छोड़ने और नियमों के सरलीकरण के लिए सरकार अगले हफ्ते नए इनकम टैक्स बिल को संसद में पेश कर सकती है। नए इनकम टैक्स बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रीमंडल से शुक्रवार को मंजूरी मिल गई थी। अब इसे फाइनेंस पर संसद की स्थायी समिति के पास भेजे जाने से पहले अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, नए इनकम टैक्स बिल में सरकार ने नियमों के सरलीकरण पर जोर दिया है, जिससे लोग आसानी से इनकम टैक्स से जुड़े नियमों को समझ सकें।

कैबिनेट द्वारा नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दिए जाने से पहले इस मामले से जुड़े लोगों ने कहा था कि केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा 12 लाख रुपये तक बढ़ाए जाने के बाद टैक्स आधार में कमी को देखते हुए, नया कानून संभवत: टैक्स दायरे को बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करेगा। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट




1961 में लागू हुआ था। नया इनकम टैक्स बिल 21वीं सदी के मुताबिक होगा और मौजूदा कानून को रिप्लेस करेगा।

सूत्रों की मानें तो नए इनकम टैक्स बिल में सरकार ने भाषा को सरल बनाने पर काम किया है। दरअसल अभी जो इनकम टैक्स एक्ट है उसमें एक कोट में किसी चीज की व्याख्या अलग होती है, दूसरे में अलग। यानी यह कानून पूरी तरह से खिचड़ी की तरह बन गया है।

इस बिल के सरलीकरण को ऐसे समझा जा सकता है कि पुराने आयकर कानून में लगभग 6 लाख के करीब शब्द हैं जो इस नए बिल में 3 लाख के करीब रह जाएंगे और यह करदाताओं को समझने के लिए भी आसान होगा। सूत्रों के अनुसार, सरकारी योजनाओं पर सरकार लोगों की निवेश को लेकर निर्भरता भी कम करने का प्रयास कर रही है जिससे लोग अन्य जगहों पर ज्यादा निवेश करें और इससे सामान्य व्यक्ति को ज्यादा फायदा मिल सके।

# प्रादेशिक समाचार

## दिल्ली की जीत पर सागर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

सागर,(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत और 27 साल बाद सरकार बनाने की खुशी में सागर में जोरदार जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ता बस स्टैंड स्थित दीनदयाल चौराहे पर एकत्र हुए, जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जीत का उत्सव मनाया गया। इसके बाद आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटकर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा, दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जैसे भ्रष्ट चेहरे को हटाने का काम किया है। वे शराब घोटाले सहित कई घोटालों में लिप्त रहे। जनता ने भाजपा को चुनकर विकास का समर्थन किया है। यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जीत है।इस जश्न में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, शैलेष केशरवानी, श्रीकांत जैन समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में पार्टी की जीत को जनता की इच्छाशक्ति और भाजपा की विकास नीति की जीत करार दिया। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिला, और उन्होंने भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की।

## बस स्टैंड परिसर में मिला युवक का शव

सागर, (आरएनएस)। सरकारी बस स्टैंड परिसर में शनिवार को एक युवक का शव मिला है। शव बस स्टैंड परिसर में स्थित महिला सुविधा गृह के पीछे नाली में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है और उसके बस का हेल्पर होने का अंदेशा है। मौके पर एफएसएल टीम ने पहुंचकर वारदात से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं।गोपालगंज पुलिस मृतक की पहचान के लिए जांच कर रही है। बस स्टैंड परिसर समेत जिले के थानों में मृतक के संबंध में जानकारी भेजी गई है। शव करीब 1 दिन पुराना होना बताया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मृतक की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## शराब दुकान के पास मिला शिक्षक का शव

दतिया,(आरएनएस)। इंदरगढ़ में मेन बाजार स्थित शराब दुकान के पास शनिवार सुबह एक शिक्षक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान पिपरऊआ गांव निवासी 55 वर्षीय विनोद शर्मा के रूप में हुई, जो भड़ौड़ के प्राथमिक स्कूल में पदस्थ थे।जानकारी के अनुसार, विनोद शर्मा शुक्रवार रात लगभग 8 बजे घर से निकले थे और देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। शनिवार सुबह 9 बजे उनका शव मिला। विनोद शर्मा काफी समय से इंदरगढ़ की अंदर बस्ती में अपनी ससुराल में रह रहे थे, यहां उनकी पत्नी आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस के अनुसार, शव पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में अत्यधिक शराब पीने से होने की मौत की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि मृतक शराब पीने के आदी था। टीआई वैभव गुप्ता ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## नवागत जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

दतिया, (आरएनएस)। नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल ने दतिया जनपद के ग्राम पंचायत बाजनी, बिड़निया, भिटौरा, डगरई , कुसौली तथा उनाव में जनमन आवास एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया गया। सरकार की शासन आपके द्वार पर अवधारणा के अनुरूप तेम्रवाल ने इन पंचायतों के आवास हितग्राहियों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी और प्रगति की समीक्षा की। ग्राम पंचायत बाजनी, डगरई तथा भिटौरा में तीसरी किश्त के जियोटेग करने तथा आवास पूर्णता बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत बिडनिया में मोहन आदिवासी पुत्र रामदीन और चंदन आदिवासी पुत्र रामनाथ का तथा ग्राम पंचायत भिटौरा में सुनीता पिता अमर सिंह तथा सपना पति दीपक का नाम पीएम जनमन आवास योजना में जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया।जिला पंचायत सीईओ तेम्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत बाजनी तथा ग्राम पंचायत कुसौली में सहरिया आदिवासियों हेतु निर्मित किए जा रहे सामुदायिक भवनों का निरीक्षण कर सहायक यंत्री को कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत कुसौली में माध्यमिक शाला बिजनपुरा के निरीक्षण में बच्चों की कम उपस्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा संबंधितों को नोटिस प्रदान करने के लिए एडिशनल सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया।

## ट्रक और कार की भिड़ंत, 5 घायल

सागर(आरएनएस)। सानौधा थाना क्षेत्र में शनिवार को सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक और कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।जानकारी के अनुसार, रायसेन जिले का गैरतगंज निवासी शर्मा परिवार प्रयागराज में लगे महाकुंभ में गंगा स्नान करने गया था। महाकुंभ में शामिल होने के बाद वह वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर स्थित बेबस नदी के पुल के पास सामने से आ रहे आयशर वाहन से कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। घटना देख राहगीर मौके पर पहुंचे और घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही सानौधा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घटना में घायल सभी 5 लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। अस्पताल में सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने कार में खड़ी कार और आयशर वाहन को हटवाया है। वहीं मामला जांच में लिया है।

## दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर उज्जैन में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

उज्जैन(आरएनएस)। शनिवार को आए परिणामों में दिल्ली में भाजपा का 27 साल का वनवास खत्म हो गया। भाजपा की करीब 48 सीटों पर जीत टॉय मानी जा रही है, जबकि आम आदमी पार्टी सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई है। दिल्ली से आए रुझानों ने भाजपा खेमे में खुशी की लहर पैदा कर दी है।दिल्ली में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उज्जैन के फ्रीगंज स्थित लोकशक्ति कार्यालय में जश्न मनाया। यहां कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस जश्न का हिस्सा बने। बीजेपी के जगदीश पांचाल ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि 27 साल का सूखा खत्म हुआ है, इसीलिए आज भाजपा पार्टी में खुशी का माहौल है। भाजपा ने दिल्ली में भगवा झंडा लहरा दिया है। दिल्लीवासियों ने आम आदमी पार्टी को इस कदर नकारा कि पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज तक चुनाव हार गए। दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह जीत विकास और सुशासन की है।

## सड़क हादसे में महिला कॉन्स्टेबल और उसके पति की मौत




रतलाम(आरएनएस)। रतलाम-इंदौर फोरलेन पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में महिला कॉन्स्टेबल और उसके पति की मौत हो गई। महिला कॉन्स्टेबल अपने पति और दो बच्चों के साथ कार से बदनावर से रतलाम जा रही थीं। इस दौरान फोरलेन पर खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी, जिससे पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चों को मामूली चोट आई है। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने बिलपांक थाना थाना प्रभारी अयूब खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार से दोनों के शव निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजे। मृत दंपती का शनिवार शाम करीब 5 बजे उनके पैतृक गांव बोरझड़ी में एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया।महिला कॉन्स्टेबल झन्ना गामड़ शहर के माणकचौक थाने में पदस्थ थीं। कार कॉन्स्टेबल के पति अरविंद ड्राइव कर रहे थे। जबकि वो आगे बैठी थीं। दोनों बच्चे पीछे की सीट पर थे। वे शनिवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे सिमलावदा से आगे बदनावर की तरफ जा रहे थे। यहां फोरलेन पर काम चल रहा है। रात में ट्रक से निर्माण सामग्री उतारी जा रही थी। इसी दौरान कार पीछे से आकर ट्रक में जा घुसी। झन्ना गामड़ के पति प्राइवेट जॉब करते थे। मूलतः धार जिले के बदनावर के रहने वाले थे। परिवार में शादी होने के कारण वह बदनावर गए थे।

## धार के दामाद हैं केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा

धार,(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से जिस भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 4089 वोटों से हराया, वह प्रवेश वर्मा मध्यप्रदेश के धार के दामाद हैं। उनकी जीत के बाद धार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। विधायक नीना वर्मा के आवास पर भी जश्न मनाया गया। प्रवेश वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री की दौड़ में प्रमुख दावेदार हैं। उनकी सास नीना वर्मा धार से भाजपा की विधायक हैं। विक्रम वर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। साल 2002 में विक्रम वर्मा और नीना वर्मा की बड़ी बेटी स्वाति वर्मा से प्रवेश वर्मा की शादी हुई थी।



## नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश ने ली न्यायाधीशों की बैठक

### व्यक्तिगत रूचि लेकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने के दिए निर्देश

ग्वालियर (ए.)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 8 मार्च को संपूर्ण भारत के साथ ग्वालियर जिले में भी इस साल की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। नेशनल लोक अदालत के आयोजन को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर पी सी गुप्ता ने जिला मुख्यालय के न्यायाधीशों की बैठक ली। इस बैठक में तहसील न्यायालय के न्यायाधीशगण वर्चुअल रूप से शामिल हुए। प्रधान न्यायाधीश श्री गुप्ता ने इस अवसर पर न्यायाधीशगणों को व्यक्तिगत रूचि लेकर नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के लंबित एवं पूर्व वाद प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। बैठक में विशेष न्यायाधीश श्री प्रमोद कुमार सिंह, जिला न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत समन्वयक ए पी एस चौहान सहित समस्त न्यायाधीश उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैंक, विद्युत, बीएसएनएल, नगर निगम, बीमा कंपनियों के अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ भी निरंतर प्रिसिटिंग बैठक की जा रही हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा ने पक्षकारों से अपील की है कि वे अपने मामले अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करवाकर नेशनल लोक अदालत के लिए प्रावधनित छूट का लाभ प्राप्त करें।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर करारे कटाक्ष किए। कहा कि हम तीसरी बार सत्ता में हैं, हम अनेक बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने पिछले दस सालों का लेखा-जोखा और 2047 तक की कार्य-योजना प्रस्तुत की। कहा कि पिछली सरकारों ने तुष्टिकरण का रास्ता चुना, लेकिन हमने संतुष्टिकरण का रास्ता चुना। राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताने वाले लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी उन्होंने तंज किया। पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी से ऊपर उठने और गरीबों को चार करोड़ पक्के घर देने की बात भी की।

कुछ देशों के बीस सालों में विकसित बनने की तारीफ करते हुए मोदी ने सवाल किया कि हम क्यों नहीं बन सकते। तार्किक तौर पर देखा जाए तो मोदी का यह जवाब चुनावी भाषण ज्यादा प्रतीत हुआ। बेशक, सरकार की उपलब्धियों का गुणगान करना उनका दायित्व है मगर जब बात सदन में हो तो प्रधानमंत्री को देश की नुमाइंदगी करनी होती है। बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई तथा अन्य सामायिक मसलों से ध्यान हटाने की कोशिशों को उन्होंने हमेशा की तरह दर-किनार ही रखा।

राहुल गांधी ने जवाब में संविधान की किताब दिखाते हुए याद दिलाया कि 2024 में भाजपा का चार सौ से ज्यादा सीटों पर आने का दावा धरा रह गया। भाषण के दौरान लगातार शोरशराबा होता रहा जो लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं है। सदन की गरिमा और संवैधानिक नियमों का सबको पालन करना सीखना होगा। मोदी का राष्ट्रपति पर की गई टिप्पणी का जिक्र किया जाना भी उचित माना जाना चाहिए। मगर वे जिस तुष्टिकरण को लेकर विपक्ष को घेर रहे हैं, उससे उनकी सरकार भी मुक्त नहीं है।

बात राशन बांटने की हो, मकान बना कर देने या सीधा बैंक खातों में धन राशि देने की, और मुफ्त की रेवडियां बांटने में भी मोदी सरकार पीछे नहीं है। जनता या कार्यबल के सार्थक सदुपयोग की बजाय देशवासियों में अकर्मण्यता का भाव भरना मुल्क की तरक्की में बाधक बन सकता है।

चीन की कथित घुसपैठ को लेकर भी इस सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है। विपक्ष द्वारा यह मुद्दा उठाने पर वे हमेशा बगलें झांकते हैं। यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। इस पर सरकार को कड़ा रुख इख्तियार करना ही होगा। केवल छींटा-कशी के लिए ही इस गंभीर मसले का प्रयोग तत्काल बंद होना जरूरी है।

# केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26: वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा

**गिरिराज सिंह**

भारतीय परिधान और वस्त्र उद्योग लगभग 176 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह विनिर्माण उत्पादन का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। वस्त्र उद्योग देश में रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है, यह प्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक वस्त्र श्रमिकों को रोजगार देता है। भारत वस्त्र और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। देश के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टी एंड ए) की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण युवा रोजगार जैसी सरकार की प्रमुख पहलों के साथ पूरी तरह से संरेखित है।

बजट में वर्ष 2025-26 के लिए वस्त्र मंत्रालय के लिए 5,272 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की गई। यह वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों (4417.03 करोड़ रुपये) की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि थी, और हाल के वर्षों में यह सबसे अधिक है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी निवेश योजना का बजट वर्ष 2024-25 में 45 करोड़ रुपये (बीई) से बढ़ाकर इस वर्ष 1148 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। यह मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ), एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र जैसे उभरते क्षेत्रों को कवर करता है, ताकि इन क्षेत्रों को आकार और पैमाने हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में 'कपास उत्पादकता के लिए मिशन' की घोषणा की गई है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। यह अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन को कृषि



एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा।


वस्त्र मंत्रालय का राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (i) अनुसंधान, नवाचार और विकास, (ii) संवर्धन और बाजार विकास (iii) शिक्षा और कौशल तथा (i1) तकनीकी वस्त्रों में निर्यात संवर्धन पर केंद्रित है। बजट में दो और प्रकार के शटल-लेस लूम को पूरी तरह से छूट प्राप्त वस्त्र मशीनरी की सूची में जोड़ा गया है। वस्त्र उद्योग में उपयोग के लिए शटल-लेस लूम रैपियर लूम (650 मीटर प्रति मिनट से कम) और शटल-लेस लूम एयर जेट लूम (1000 मीटर प्रति मिनट से कम) पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया है।

नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा।

बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए एक स्रोत के रूप में पहचाना गया है। यह वस्त्र क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत की वस्त्र और परिधान उत्पादन क्षमता का अधिकांश हिस्सा एमएसएमई द्वारा किया जाता है, जो इस क्षेत्र का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन जैसे प्रावधान गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ उन्हें पैमाने की उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करेंगे। संशोधित वर्गीकरण के साथ, अब अधिक इकाइयाँ एमएसएमई के अंतर्गत आएंगी।

उपरोक्त एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारतीय वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एक मेगा इवेंट - भारत टेक्स 2025, 11 प्रमुख वस्त्र उद्योग निकायों द्वारा आयोजित किया जा रहा है और वस्त्र मंत्रालय द्वारा समर्थित है। भारत टेक्स 2025 विस्तार और लक्ष्य दोनों के लिहाज से दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित पूरे वस्त्र उद्योग मूल्य श्रृंखला को एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। अनुकूल वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और वस्त्र स्थिरता के दोहरे विषयों के आसपास निर्मित - यह कार्यक्रम स्थिरता, नवाचार और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। मुख्य कार्यक्रम 14-17 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की पूरी मूल्य श्रृंखला को सक्षम नीति समर्थन के साथ कवर किया जाएगा, जबकि सहायक उपकरण, परिधान मशीनरी, रंग और रसायन तथा हस्तशिल्प जैसी संबंधित प्रदर्शनियां 12 से 15 फरवरी, 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएंगी। संपूर्ण कच्चे माल मूल्य श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, अधिक निवेश प्राप्त करने, अपने घरेलू बाजार के आकार और निर्यात को बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए अपनी क्षमता को बनाए रखने एवं बढ़ाने के प्रयासों को सक्षम नीति समर्थन के साथ और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता होगी।

लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं



अभिनेत्री नीतू चंद्रा पटना में एक कार्यक्रम में शामिल हुई।

# आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन टिप्पणी

**ललित गर्ग**

राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिए स्वाभाविक है कि बयान विडंबनापूर्ण होने के साथ ही पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से भी ग्रस्त है।

भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन सोनिया ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, यह अच्छा नहीं हुआ। सोनिया ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्टपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था। यह राजनीतिक अशिष्टता, अहंकार व अपरिपक्वता का द्योतक है। लगता है कि कांग्रेस के नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना की बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है।

राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने हिन्दी, जो उनकी मातृभाषा नहीं है, में प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस उनके अपमान पर उतर आई। राष्टपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्टपति संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी थीं। राष्टपति को विश्वास है कि इन वगरे की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्त्तव्य का अहम हिस्सा है। राष्टपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिन्दी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। संभवत: ये हिन्दी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्टपति के भाषण की गलत व्याख्या की। राष्टपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। राष्टपति जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया हों या राहुल, कोई आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्राय: चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपना विवेक गिरवी रख कर समालोचना करता है, तो उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जाएगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर, निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वस्थ लोकतंत्र में स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किंतु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्टपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा।




मेष राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा, नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करें और अपने काम पर पूरा फोकस करें। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको अपने जीवनसाथी से कामकाज में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी, साथ ही उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ध्यान अपने काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। किस्मत का साथ मिलने से आपके सभी कार्य एक-एक करके पूरे होते जायेंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार- विमर्श करना पड़ सकता है। शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होकर आपकी तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ायेंगे।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी होगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए। आपके व्यवहार में अच्छे बदलाव आने से आपके नए दोस्त बन सकते हैं। आपको दूसरों की मदद करने का मौका मिलेगा, साथ ही लोग आपकी तारीफ करेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा, कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगी। बिजनेस मैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी उलझन खत्म होंगी।

तुला राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कूरियर का व्यापार कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। मेहनत और लग्न देखकर आज आपके जूनियर आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको आगे चलकर फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी, साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। प्रेमी जोड़े के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए, आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे जिसे आप-अपने किसी खास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। मार्केट में लांच नया वाहन आप खरीदने का मन बना सकते हैं।

मीन राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाएगा। घर पर फ्लावर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कांट्रैक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं, किसी काम को करने का नया तरीका बिजनस में फायदा कराएगा।

# एक बेटी के गुरूर दिवंगत पिता ज्याउल हुसैनी जी के जीवन के अनछुए पहलू पर नज़र .... विनम्र श्रद्धांजलि के साथ.....

*-बशर के खिदमतें मुमताज़ करती है, बशर के खिदमतें मुमताज़ करती है,*
*स्व.ज्याउल हुसैनी पत्रकारिता का वो नमूना है कि, जिस इंसान पे इंसानियत भी नाज करती है।*

जिन खास शख्सियत की मैं यहाँ बात करने वाली हूँ वो किसी परिचय के मोहताज नहीं , उनका नाम ही उनकी पहचान रहीं, मैं यहाँ बात कर रही हूँ पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना एक अलग मुकाम बनाने वाले स्व. ज्याउल हुसैनी जी के बारे में , शायद उनके बारे में बाते करने,लिखने में मेरी एक उम्र भी निकल जाये बोलना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा। पापा जी ने अपनी जिंदगी के शुरूआती दिनों से ही संघर्षो का सामना किया,पापा ज्याउल हुसैनी जी के पिता यानी हमारे दादा अब्दुल राऊफ हुसैनी जी मूलत: डोगरगांव के खुज्जी नामक जगह पर पेशे से डॉक्टरी किया करते थे और पापा को भी डॉ बनाना चाहते थे, इसलिए दादा जी ने पापा(ज्याउल) जी को डॉक्टरी की पढाई करने भेजा भी जहाँ पर पापा जी के साथ स्व. डॉ चटर्जी जैसे अन्य नामचीन डॉ उसी कॉलेज में उनके साथ पढाई कर रहे थे, पर शायद पापा जी किस्मत में डॉ बनना नहीं लिखा था, दुर्भाग्यवश दो-ढाई वर्ष डॉक्टरी की पढ़ाई करने के बाद पापा जी को पढाई बीच में ही छोड़ वापस आना पड़ा कारण था, दादा जी के स्वास्थ्य का अचानक खराब हो जाना, और पापा जी का अपने माँ, बाप, भाई, बहनों की बड़े भाई होने के नाते जिम्मेदारी उठाने का जज्बा, इसके बाद क्या था, पापा जी ने अपनी डॉक्टरी की पढाई अधूरी छोड़ वापस आ गये, और उसके बाद से धमतरी जो कि पापा जी का ननिहाल रहा यही सापरिवार रहने लगे और परिवार माँ, पिता, भाई, बहनों की जिम्मेदारी निभाने स्व.मंगलमूर्ति के साथ घरों में पेंट कर और बदले में फोटोग्राफी सिखी ऐसे ही पापाजी को फोटोग्राफी का शौक पैदा हुआ, और पापा ने अपनी जिंदगी में घर-परिवार सहित कई नामी शख्सियतों को अपने कैमरे में उतारा उस वक्त मे किसी के पास कैमरा होना बहुत खास बात होती थी, जिसमे पापा जी ने स्व.इंदिरा गाँधी जी, की भी अपने कैमरे में यादें संजोई।

इसी तरह कई छोटे-मोटे कार्य करते हुए पापाजी का रूझान पत्रकारिता की ओर हुआ, फिर बस क्या पापा(ज्याउल हुसैनी) जी ने अपना पूरा जीवन पत्रकारिता के लिए न्यौछावर कर दिया, अपने अंतिम दिनों तक में भी वे निरंतर, हर विषय पर लेखन, अखबारों के अध्ययन, खास प्रकाशित खबरों पर मनन, विशेष विषयों की कटिंग कर फाईलें तैयार करना, करते रहें। साथ ही पत्रकारिता के अपने शुरुआती दिनों से ही उन्होंने गंभीर विषयों पर रिपोर्टिंग कि,जब बस्तर में याज़ नामक बिमारी को उन्मूलित घोषित कर दिया गया, उस समय श्री हुसैनी जी ने खोजी पत्रकारिता की अहम भूमिका निभाते हुए उस बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र में जाकर रिपोर्टिंग की जिसको सरकार ने समाप्त घोषित कर दिया था, उस याज़ नामक बिमारी की मौजूदगी को सरकार समेत सभी के सामने लाकर खड़ा कर दिया, ऐसी खोजी पत्रकारिता का स्वरूप आज नगण्य ही नज़र आता है।

इसी रिपोर्टिंग के लिए हुसैनी जी को स्टेटस-मैन के सम्मान से नवाजा गया। साथ ही 1981 में राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया, इसी प्रकार गंगरेल बांध जो आज धमतरी शहर के लिए पर्यटन स्थल के रूप में सामने हैं, गंगरेल बांध, जब उस स्थल पर किसी बांध का नामों निशान भी नहीं था, उस वक्त भी जितने गांव डूबे थे, उन आखिरी पहुंच विहीन गांवों तक नाव के माध्यम से जाकर अपने समाचारों में उन गाँवो कि स्थिति प्रस्तिथि से लोगों को अवगत कराया था।

इसके अलावा भी कई उतार-चढ़ाव भरी जिंदगी भी देखी कभी विरोध भी देखा, कभी दबाव देखा कभी त्याग भी किया, लेकिन अपनी कलम की धार को कभी डगमगाने नहीं दिया, पत्रकारिता के लिए अपना पूरा जीवन दिया। यहीं कहानी खत्म नहीं होती पत्रकारिता के साथ साथ उनका रूझान पुरातत्व में भी रहा। अपने स्कूली दिनों से ही वे काफी होनहार रहे, लेखन , भाषण, कविता, साहित्य सभी में कई मंचों में अपना लोहा मनवाया, पुरानी चीजों का संग्रह, डाक टिकट संग्रह, सिक्के संग्रह का भी काफी शौक रखा। पुरातत्व के प्रति रूझान ने उन्हें कई पुरातत्व से सम्बन्धित पहलुओं का ज्ञाता बनाया, पापा जी का जीवन ऐसा रहा कि हर कोई उनसे प्रभावित रहा, लोग मिलते गये कारवां बढ़ता गया, छोटे क्या बड़े क्या हर तबके, हर वर्ग उनके लिए बाराबर रहा,इस कारवां में नाम तो बहुत है, केसरीमल लुंकड,मदन गोपाल गुप्ता,दाऊद भाई,सुभाष जैन,धनी राम ,कृष्णा प्रसाद शर्मा,कनक तिवारी, गोपाल शर्मा ऐसे नाम तो बहुत है।पर कारवां यहीं रूकता नहीं, ऐसे ही पत्रकारिता के क्षेत्र में कई पापा के सहबंधु रहे जिन्हें पापा हमेशा याद करते रहे, जिनमें नैय्यर जी, रायपुर के मायाराम सुरजन, ललित सुरजन,राजनारायण मिश्र प्रमुख थे जैसे कई और शख्सियत शामिल रहे। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय रायपुर जिले के तत्कालीन कलेक्टर नज़ीब जंग ज़्याऊल हुसैनी जी कि रिपोर्टिंग, धमतरी जिले के अनेक गांव जो बरसात में धमतरी से अलग हो जाते थे उन पहुंच विहीन इस क्षेत्र के ग्रामवासी बरसात के पूर्व चार माह का राशन भरने मजबूर रहते हैं के समाचार को संज्ञान में लेकर ग्राम तिर्रा नाव से गये थे,पहली बार उस क्षेत्र में आईएएस कलेक्टर नज़ीब जंग ने वहां के लोगों से बात की और वर्ष 1980 में धमतरी एसडीएम तत्कालीन रंगलाल जयपाल को नदी में पुल बनाने की योजना को शीघ्रता शीघ्र भेजने का निर्देश दिया,आज जो उस क्षेत्र में पुल पुलिया का निर्माण हुआ है वह ज़्याउल हुसैनी की लेखनी का कमाल था।

करते हैं जो मशक्कत उनकी राहों में अंधेरा कम होता है, मंजिल वही पाते हैं जिनके हौसलों में दम होता है, दम होता है।

यही नहीं जब अपने दिन भर के काम से फारिग होने के बाद शाम जब पापा देशबंधु में थे तब पापा की एक रूटीन यह भी रहती थी कि, उस वक्त

पुराने बस स्टैंड स्थित विनोद होटल अपने समय की फेमस होटलों में एक होटल थी जहां देश प्रदेश के ख्याति नाम साहित्यकारों, पत्रकारों, गणमान्यजनों की बैठकें हुआ करती थी वहां ऐसे लोगों का जमावड़ा सिर्फ नाश्ता चाय के लिये नहीं होता था बल्कि शहर के विकास और समस्याओं से शहर वासियों को कैसे निजात मिलेगी इस पर गंभीरता से चर्चा होती रही,शाम होते ही यहां, स्वर्गीय नारायण लाल परमार,त्रिभुवन पांडेय,मुकीम भारती,अनवार आलम ज़्याऊल हुसैनी तथा सर सुरजीत नवदीप भी अक्सर पहुंचते, चर्चाएं होती और तहसील विकास को लेकर जो बातें होती उसे स्वर्गीय ज़्याऊल हुसैनी देशबंधु में समाचार के रूप में शासन प्रशासन के समक्ष परोसते रहे , इसमें विनोद कक्का की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी,आज हमारे बीच ऐसे साहित्यकारों, कवियों,की कमी खलती है और सबसे ज़्यादा दु:ख उस दिन हुआ जब शहर की तमाम गतिविधियों को अपने फाईलों में संजोकर रखने वाले शहर के नामी पत्रकार पापा जी भी दिनांक 31-12-2024 को हमसे जुदा हो गये।





# दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के जादू के कारण हुई : एकनाथ शिंदे



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सरकार बनाने की संभावना के बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को देते हुए कहा कि ''झूठ की हार'' हुई है। सत्तारूढ़ शिवसेना के प्रमुख नेता शिंदे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के बाद दिल्ली के मतदाताओं ने भी भाजपा के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है। आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए शिंदे ने कहा कि दिल्ली के विकास में बाधाएं दूर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को सबक सिखाया, जिसने संविधान के खतरे में होने का झूठा दावा किया था। शिंदे ने कहा, ''यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का जादू है।'' उन्होंने कहा, ''झूठ की हार हुई है और मतदाता सत्य के साथ खड़े हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाताओं ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पिछले सप्ताह पेश किए गए केंद्रीय बजट पर भी अपना फैसला दिया है। शिंदे ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि दिल्ली चुनाव के लिए आप के निवर्तमान विधायक शिवसेना के संपर्क में थे, लेकिन मतों के विभाजन से बचने के लिए उन्हें मैदान में नहीं उतारा गया क्योंकि उनकी पार्टी ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की थी।

## दो तस्करों के साथ महिला 67 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

बस्तर-रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. लेकिन शातिर तस्कर आचार संहिता में भी बाज नहीं आ रहे हैं. बस्तर पुलिस ने उड़िसा सीमा पर सूखे नशे की तस्करी करते महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार को गिरफ़्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 67 किलो गांजा बरामद किया गया है. यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आज ओडिसा बॉर्डर पर धनपूजी फॉरेस्ट नाके में एक संधिग्ध वेगनआर कार को रुकवाया। जिसमें एक महिला और पुरुष बैठे थे। पूछताछ में अपना नाम राहुल सुटवाल और अर्जीना बीबी बताया. वाहन की चेकिंग की तो पुलिस को शुरुआत में कुछ हाथ महीं लगा. जब पुलिस ने कार की सीट के निचे देखा तो पुलिस के होश उड़ गए. पुलिस को 67 किलोग्राम गांजा मिला।

# दिल्ली के गुनाहगारों को लोग माफ नहीं करेंगे : अलका लाम्बा



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझानों में कांग्रेस भले ही कहीं नजर नहीं आ रही है लेकिन पार्टी के महिला संगठन की राष्ट्रीय प्रमुख एवं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लाम्बा ने कहा है कि चुनाव के रुझान जो भी हों, लेकिन दिल्ली के गुनाहगारों को जनता माफ नहीं करेगी। श्रीमती लाम्बा ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा, मैं आज सुबह सबसे पहले कालकाजी मंदिर गई हूं। मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली में किसका फायदा हो रहा है और किसका नुकसान हो रहा है लेकिन मुझे मालूम है कि दिल्ली के लोग दिल्ली के गुनाहगार को माफ नहीं करेंगे। जिसने दिल्ली का नुकसान किया है उसका नुकसान हो रहा है, यह तय है। इस बीच कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों पर कहा हम राजनीतिक लोग हैं और गलतियां हो सकती हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में कमी रही है और हम इसको स्वीकार करते हैं। उन्होंने भाजपा के आरोप पर कहा कि इस पार्टी का कोई प्रचार तब तक पूरा नहीं होता है, जब तक गांधी परिवार को भला बुरा नहीं कहते हैं।



कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वायनाड में बूथ स्तरीय बैठकों में भाग लेने के लिए कन्नूर पहुंची।

## गौतम अडानी के बेटे जीत ने दिवा संग रचाई शादी, अडानी ने मांगी इस बात की माफी

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय उद्योगपति व अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के छोटे बेटे जीत अडानी शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने दिवा जैमिन शाह के साथ अहमदाबाद में शादी की। शादी की तस्वीर भी अडानी ने सोशल मीडिया पर शेयर की है।यह शादी बिल्कुल सादे तरीके से हुई है. इस समारोह में केवल उनके करीबी दोस्त और रिस्तेदार शामिल हुए। गौतम अडानी ने सोशल मिडिया एक्स पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा आज विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए है। यह विवाह आज अहमदाबाद में प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ। यह एक छोटा और अत्यंत निजी समारोह था। इसलिए हम चाह कर भी सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित नहीं कर सके।

## दो तस्करों के साथ महिला 67 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

बस्तर-रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. लेकिन शातिर तस्कर आचार संहिता में भी बाज नहीं आ रहे हैं. बस्तर पुलिस ने उड़िसा सीमा पर सूखे नशे की तस्करी करते महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार को गिरफ़्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 67 किलो गांजा बरामद किया गया है. यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आज ओडिसा बॉर्डर पर धनपूजी फॉरेस्ट नाके में एक संधिग्ध वेगनआर कार को रुकवाया। जिसमें एक महिला और पुरुष बैठे थे। पूछताछ में अपना नाम राहुल सुटवाल और अर्जीना बीबी बताया. वाहन की चेकिंग की तो पुलिस को शुरुआत में कुछ हाथ महीं लगा. जब पुलिस ने कार की सीट के निचे देखा तो पुलिस के होश उड़ गए. पुलिस को 67 किलोग्राम गांजा मिला. जिसकी कीमत 6 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

# आधुनिक हथियारों से सुसज्जित हो रही भारतीय सेना, ट्रंप देंगे भारत को घातक हथियार!



नई दिल्ली(ए)। भारतीय सेना अपने आधुनिक हथियारों से सुसज्जित हो रही है। सेना ने अब ज्यादा से ज्यादा ऐसे उपकरण को शामिल करने की रफ़्तार को बढ़ा दिया है जो कि कि प्लेन इलाकों, रेगिस्तान और हाई ऑल्टिट्यूड के इलाकों में रामबांण हो। इसी कड़ी में तेजी से दावा मजबूत कर रही है। पीएम मोदी के प्रस्तावित अमेरिकी दौरे में कई रक्षा सौदों पर भी चर्चा होने की संभावना जताइ जा रही है। इसमें अमेरिकी आसीवी यानी इंफेट्री कॉबेट वेहिक्ल स्ट्राइकर भी हो सकता है।

भारतीय सेना के मैकेनाइज्ड इंफेंट्री में 2000 के करीब रूसी आसीवी बीएमपी-2 मौजूद है। जिसमें दो तरह के इंफेंट्री कांबेट वेहिकल है। एक ट्रैक्ड यानी की टैंक की तरह ट्रैक पर मूव करने वाले तो दूसरा व्हील्ड यानी पर टायरों वाले।अब भारतीय सेना व्हील्ड इंफेंट्री कांबेट वेहिकल को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। सेना जल्द 500 से ज्यादा इंफेंट्री कांबेट वेहिकल को नए आसीवी से बदलने की तैयारी में हैं। स्वदेशी के साथ साथ विदेशी कंपनियों ने भी अपना दावा पेश कर दिया है। अमेरीकी कंपनी जनरल डायनामिक्स लैंड सिस्टम्स आसीवी स्ट्राइकर निर्माण करती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल सितंबर अक्टूबर में लद्दाख के हाई एल्टिट्यूड इलाके में सेना को इसका डेमों भी दिया गया। यह डेमो नो कॉस्ट नो कमिटमेंट के तहत अमेरिकी कंपनी ने दिया। सूत्रों की माने तो 13000 से 18000 फिट की उंचाइ पर यह डेमो हुआ। स्ट्राइकर के अलग अलग वेरिएंट है। जिसमें इंफेंट्री कैरियर, मोबाईल गन सिस्टम, मेडिकल इवैक्यूशन, फायर सपोर्ट, एंटी टैंक गाईडेड मिसाइल कैरियर और रेकॉनेन्स वेहिकल शामिल है। भारतीय सेना को एंटी टैंक गाईडेड मिसाइल कैरियर की जरूरत है। सूत्रों के मुताबिक लद्दाख में स्ट्रायकर के डेमो के दौरान जैवलीन एटीजीएम का भी ट्रायल कंपनी ने दिया है। स्ट्रायकर 8 व्हील ड्राइव कॉंबेट वेहिकल है।

## जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था, शव वाहन के अभाव में परिजन रहे बेबस

नारायणपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला अस्पताल की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर शर्मसार हो गई। अस्पताल में शव वाहन की अनुपलब्धता के कारण परिजन घंटों तक अपने मृतक परिजन के शव के साथ बैठे रहे, लेकिन प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली। जानकारी के अनुसार, नारायणपुर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर धोड़ाई गांव के निवासी आर्किंत सलाम को उल्टी-दस्त की गंभीर समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन जब परिजनों ने शव को गांव ले जाने के लिए वाहन की मांग की, तो अस्पताल प्रशासन असमर्थ नजर आया। शव वाहन खराब होने के कारण परिजनों को खुद ही व्यवस्था करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मृतक के परिजन रजनी सलाम और लक्ष्मण सलाम अस्पताल प्रशासन से गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार, कांग्रेस के पूर्व पार्षद ने खुद गाड़ी का इंतजाम कर शव को गांव भेजने की जिम्मेदारी उठाई। इस अव्यवस्था को लेकर मृतक के परिजनों ने सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाते हुए आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की इतनी खराब स्थिति बेहद चिंताजनक है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही ने एक बार फिर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी है। इस मामले में अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं आया है। शव वाहन की नियमित देखरेख और मरीजों को सुविधा देने में प्रशासन की लापरवाही आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन रही है।

## गोपालगंज : पुलिस मुठभेड़ में मारा गया 50 हजार का इनामी मनीष यादव, जवान भी गोली लगने से घायल

गोपालगंज (आरएनएस)। बिहार के गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और कुख्यात अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश मारा गया। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि मृतक अपराधी पर 50 हजार का इनाम था। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मुठभेड़ की यह वारदात गोपालपुर थाने के रामपुर खुर्द गांव के पास नहर पर हुई। बताया गया कि कुख्यात अपराधी मनीष यादव किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचा था, जिसकी जानकारी पुलिस को हो गई। बिहार एसटीएफ और गोपालगंज पुलिस की टीम अपराधी की तलाश में निकली। पुलिस ने मनीष यादव को चारों तरफ से घेराबंदी करने के बाद सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन उसने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें मनीष गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में इसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि मृतक अपराधी पर सरकार की ओर से 50 हजार का इनाम घोषित था, जिसकी तलाश कई मामलों में थी। मृतक मनीष यादव उचकागांव थाना क्षेत्र के भगवान टोला का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में गोली लगने से एसटीएफ का जवान रोशन कुमार जख्मी हो गया है, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# वेव्स सलाहकार बोर्ड में शामिल हुए अनिल, अनुपम और चिरंजीवी, जताया पीएम मोदी का आभार



मुंबई (आरएनएस) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वेव्स सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। बोर्ड में कई हस्तियां शामिल हुईं। अनिल कपूर, अनुपम खेर, चिरंजीवी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर पीएम मोदी का आभार जताया। अभिनेता अनिल कपूर ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, वेव्स के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और इस अविश्वसनीय पहल में योगदान करने का अवसर मिलना सम्मान की बात है। हमने साथी सदस्यों के साथ चर्चा की और हम भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं। अभिनेता अनुपम खेर ने वेव्स को 'अद्भुत पहल' बताते हुए एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कि उन्होंने मुझे वेव्स के सलाहकार बोर्ड में शामिल होने का शानदार अवसर दिया। यह एक अद्भुत पहल है। यह निश्चित रूप से भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाएगा। आपके विचारों को सुनना और बोर्ड के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों की भागीदारी एक स्पष्ट संकेत है कि भारत कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मनोरंजन और सांस्कृतिक क्षेत्र का दावोस बन जाएगा! अभिनेता चिरंजीवी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। वेव्स (विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और अन्य सम्मानित सदस्यों के साथ अपनी राय शेयर करना वास्तव में सौभाग्य की बात थी। मुझे कोई संदेह नहीं है कि मोदी जी का वेव्स को लेकर विचार भारत की 'सॉफ्ट पावर' को दुनिया में ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सभी उत्साह और बहुत जल्द नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार रहें! प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को दुनिया में वैश्विक मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने कई हस्तियों के साथ वर्चुअल बातचीत की, जो वेव्स शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वेव्स एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है जो मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाता है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा था, मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक संपन्न हुई। सलाहकार बोर्ड के सदस्य कई क्षेत्रों से हैं, जिन्होंने न केवल अपना समर्थन दिया बल्कि भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने के हमारे प्रयासों को और आगे बढ़ाने के तरीके पर बहुमूल्य विचार भी दिए। वेव्स 2025 का आयोजन सूचना और प्रसारण मंत्रालय कर रहा है। 5 से 9 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले सम्मेलन में मंत्रालय 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1' भी शुरू कर रहा है। पीएम मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड में शामिल अनुपम खेर, अनिल कपूर, अमिताभ बच्चन, दिलजीत दोसांझ, रजनीकांत, शाहरुख खान, रणबीर कपूर, चिरंजीवी, अक्षय कुमार, संगीतकार एआर रहमान जैसे कलाकारों के साथ चर्चा की।

## अब छत्तीसगढ़ राज्य में पेट्रोल पंपों पर भी होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ राज्य में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अब पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी है। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित होने से वाहन चालकों को पीयूसी प्रमाण पत्र बनवाने में आसानी होगी और उन्हें अन्य केंद्रों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा, यह पहल वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मददगार और राज्य में पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 4 फरवरी 2025 को परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में वाहनों के धुएं से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म


रायपुर, (आरएनएस)। शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय प्रार्थिया ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी डिगेश्वर साहू 32 वर्ष से उसका परिचय फेसबुक के माध्यम से हुआ। इस दौरान आरोपी ने प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर कृष्णा नगर स्थित अपने किराए के मकान में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।





केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया गांधीनगर, अहमदाबाद में बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित थे।

## पवन की गिरफ्तारी की मांग तेज, गोंड़ समाज में बढ़ रहा रोष



कोरबा, (आरएनएस)। गोंड समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले भाजपा के नेता और नगर पालिका परिषद कटघोरा के वार्ड क्रमांक 6 से पार्षद प्रत्याशी पवन अग्रवाल की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है। गोंडवाना महासभा केंद्र तिवरता, कोरबा के सचिव ईश्वर आरमेक्सन, गोंडवाना महासभा ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में कहा है कि दिनांक 31.01.25 को (एसडीएम) सभागार कक्ष में गोंड समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले पवन अग्रवाल पिता बिहारी लाल अग्रवाल निवासी कटघोरा के खिलाफ लाल बहादुर सिंह कोर्राम निवासी कटघोरा के द्वारा कटघोरा थाना में दिनांक 01.02.25 को अपराध क्र.46/2025 धारा 3 (1) (द) एस टी.एस सी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कराया गया था। जिसके चलते पवन अग्रवाल के द्वारा दिनांक 03.02.25 को विशेष न्यायाधीश एस टी.एस सी एक्ट कोरबा के समक्ष अग्रिम जमानत हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। दिनांक 04.02.25.को न्यायाधीश के द्वारा जमानत याचिका नामंजूर कर दिया गया है उसके बावजूद आज तक अभी भी पवन अग्रवाल की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण वह पूरे कटघोरा नगर में मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता कहते हुए घूम रहा है, जिसके कारण गोंड़ (आदिवासी) समाज के बीच में रोष व्याप्त है एवं तनाव बढ़ता ही जा रहा है जबकि वर्तमान में संवेदनशील नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायती राज चुनाव की प्रक्रिया चल रही है जिसके चलते गम्भीर घटना की आशंका बनी हुई है।

## और लड़ो आपस मे', दिल्ली चुनाव नतीजों के बीच उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस-आप पर साधा निशाना

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। अब तक के डेटा के अनुसार, बीजेपी 40 सीटों पर आगे चल रही है जबकि AAP सिर्फ 30 सीटों पर बढ़त हासिल कर पाई है वहीं कांग्रेस 0 पर सिमटती हुई नजर आ रही है। इसी बीच जम्मू-कश्मीर के सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट कर कांग्रेस और AAP पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'महाभारत' सीरियल का एक सीन शेयर करते हुए उमर अब्दुल्ला ने सिर्फ इतना लिखा, 'और लड़ो आपस में!' इससे साफ हो रहा है कि उनका इशारा दिल्ली में कांग्रेस और AAP के अलग-अलग चुनाव लड़ने के फैसले पर है। बता दें कांग्रेस और AAP केंद्र में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं लेकिन विधानसभा चुनावों में दोनों पार्टियों में कोई गठबंधन नहीं हुआ था। पहले हरियाणा और फिर दिल्ली में कांग्रेस और AAP ने एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ा और दोनों ही जगह बीजेपी को फायदा हुआ।

# बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स की कमाई की रफ्तार धीमी, 14वें दिन का कारोबार जानिए



अक्षय कुमार वीर पहाड़िया की फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर आधा महीना पूरा कर लिया है. 24 जनवरी को रिलीज हुई फिल्म बंपर ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन के बाद धीरे-धीरे कंपटीशन की वजह से ऑडियंस पर कम पकड़ बना पा रही है.


स्काई फोर्स ने पहले हफ्ते में 99.70 करोड़ रुपये का बढ़िया कलेक्शन किया. इसके बाद के वीकेंड में 19.80 करोड़ रुपये कमाकर फिल्म ने 10 दिन में ही 119.50 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन कर लिया. ये आंकड़े ऑफिशियल हैं.इसके बाद के आंकड़े सैक्निल्क के मुताबिक हैं. जिनके हिसाब से फिल्म ने 11वें दिन 1.6 करोड़, 12वें दिन 1.35 करोड़, 13वें दिन 1.5 करोड़ और 14वें दिन 1.1 करोड़ रुपये ही कमाए. यानी फिल्म का 14 दिन का कुल कलेक्शन 125.05 करोड़ रुपये रहा.स्काई फोर्स का बजट 160 करोड़ रुपये हैं और फिल्म अभी भी बजट से बहुत दूर है. ऐसे में आज ही साउथ फिल्म थंडेल, बॉलीवुड फिल्में लवयापा और बैडऐस रविकुमार भी रिलीज हो चुकी हैं. कल यानी 6 फरवरी को अजित कुमार की विदामुयार्ची रिलीज होते ही 22 करोड़ रुपये का बिजनेस कर चुकी है. इसके अलावा, 31 जनवरी को रिलीज हुई देवा पहले से ही बॉक्स ऑफिस पर है. ऐसे में अक्षय कुमार की फिल्म के बिजनेस के लिए रोड़ा बनकर 5 फिल्में खड़ी हैं।

# देवा का नया गाना बस तेरा प्यार है जारी, विशाल मिश्रा ने लगाए सुर



शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म देवा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा हो गया है। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थी, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल बेहाल है। अब इस बीच निर्माताओं ने देवा का नया गाना बस तेरा प्यार है जारी कर दिया है, जिसे विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इस गाने में शाहिद और पूजा की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। देवा का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है, वहीं सिद्धार्थ रॉय कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म में पावेल गुलाटी ने भी अभिनय किया है। इस एक्शन ड्रामा में शाहिद ने एक दबंग पुलिसवाले का किरदार निभाया है, वहीं फिल्म में पूजा एक पत्रकार बनी हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने अब तक 28.15 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। फिल्म का बजट 80 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। बॉक्स ऑफिस पर देवा का सामना अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स से हो रहा है। यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह बड़े पर्दे पर दोनों की पहली फिल्म है। इसके अलावा हिमेश रेशमिया और प्रभु देवा की फिल्म बैडएस रवि कुमार भी दर्शकों के बीच आ गई है।


# जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को मिली नई रिलीज तारीख,नया पोस्टर आया सामने




जॉन अब्राहम ने प्रशंसकों के साथ एक दिलचस्प सरप्राइज शेयर किया है। अभिनेता-निर्माता ने वेदा के बाद अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है , जिसमें वह एक बार फिर पावर-पैक एक्शन स्टार के रूप में नजर आएंगे। द डिप्लोमैट नामक इस फिल्म की घोषणा कुछ साल पहले प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के सहयोग से की गई है।

इस फर्स्ट लुक पोस्टर में अभिनेता काफी फॉर्मल अवतार में नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म मद्रास कैफे , परमाणु और बाटला हाउस जैसे उनके यह फिल्म भी किसी राजनीतिक ड्रामा की तर्ज पर होगी । इंस्टाग्राम पर इसके बारे में साझा करते हुए, अभिनेता ने फोटो को कैप्शन दिया, साहस और कूटनीति की इस कहानी को जीवंत करने के लिए सम्मानित। देश को हिला देने वाली एक सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में शक्ति, देशभक्ति की एक मनोरंजक कहानी दिखाने की उम्मीद है। पोस्ट में, अभिनेता ने रिलीज की तारीख यानी 7 मार्च, 2025 भी साझा की। द डिप्लोमैट के बारे में अधिक बात करते हुए, जॉन एक उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म शिवम नायर द्वारा निर्देशित और रितेश शाह द्वारा लिखित है। यह फिल्म टी-सीरीज, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है। पहले यह फिल्म 11 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे बदल दिया गया। प्रशंसक लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यह घोषणा उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। बता दें कि फिल्म का निर्माण जॉन अब्राहम, भूषण कुमार, समीर दीक्षित, अश्विन, राजेश बहल, विपुल शाह और कृष्णन कुमार मिलकर कर रहे हैं। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो नाम शबाना और मुखबिर जैसी फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं।

# ओपनिंग डे पर छाई विदामुयार्ची, नॉर्थ अमेरिका में अजित कुमार की फिल्म ने तोड़ा कमाई का ये रिकॉर्ड



साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की एक्शन थ्रिलर फिल्म विदामुयार्ची ने ओपनिंग डे पर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है. दो साल बाद पर्दे पर लौटे अजित कुमार ने फैंस को फिल्म विदामुयार्ची से मनोंरजन का बड़ा तोहफा दिया है. फिल्म विदामुयार्ची को भारत में बड़ी ओपनिंग मिली है. वहीं, अजित ने विदामुयार्ची से नॉर्थ अमेरिका में अपने लिए कमाई से इतिहास रच दिया है। बार-बार पोस्टपोन होने के बाद फिल्म विदामुयार्ची को आखिरकार थिएटर नसीब हुए और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस ही हिला डाला है. इससे पहले अजिन ने साल 2023 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म थुनिवू से धमाका किया था. थुनिवू अजित की नॉर्थ अमेरिका में सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म थी, जिसका रिकॉर्ड विदामुयार्ची ने तोड़ दिया है. बता दें, विदामुयार्ची साल 1997 में रिलीज हुई अमेरिकन फिल्म ब्रेकडाउन से अडेप्ट की गई है।

विदामुयार्ची की रिलीज से पहले अटकलें थी फिल्म 16 करोड़ रुपये से ओपनिंग करेगी, लेकिन पॉपुलर इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की मानें तो फिल्म विदामुयार्ची ने पहले दिन 22 करोड़ रुपये से खाता खोला है, हालांक फिल्म का ऑफिशियल आंकड़ा आना बाकी है. विदामुयार्ची ने तमिल में 21.5 करोड़ रुपये और तेलुगू में 0.5 करोड़ रुपये कमाए हैं. विदामुयार्ची का निर्देशन मगीज तिरुमेनी ने किया है. वहीं, ओपनिंग डे पर फिल्म का ऑक्यपेंसी रेट 61.23 दर्ज किया गया है।

अजित ने विदामुयार्ची से नॉर्थ अमेरिका में कमाई के झंडे गाड़ दिए हैं. ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला की मानें तो विदामुयार्ची ने प्रीमियर शो और ओपनिंग डे को मिलाकर कुल 440 हजार डॉलर की कमाई है. वहां, फिल्म 5 फरवरी को पर्दे पर लगी थी. वहीं, मलेशिया में विदामुयार्ची ने भी तगड़ी पकड़ बनाई है. विदामुयार्ची ने नॉर्थ अमेरिका में थुनिव से अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन भारत में थुनिवू से कम कमाई की है, थुनिवू का ग्रॉस कलेक्शन 240.4 करोड़ रुपये है. विदामुयार्ची अपने पहले वीकेंड मोटा पैसा कमाने की ओर जा रही है।

यह कहानी एक उस शख्स की हिम्मत की है, जिसकी पत्नी को किडनैप कर अजरबैजान में रखा जाता है और वो उसे बचाने जाता है. फिल्म एक्शन सीन से ही शुरू होती है और एक्शन पर एंड करती है. फिल्म में अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन और रेजिना कैसेंड्रा अहम रोल में हैं।

# धूम धाम का नया पोस्टर जारी, यामी गौतम और प्रतीक गांधी की दिखी झलक



यामी गौतम को पिछली बार फिल्म आर्टिकल 370 में देखा गया था। इस फिल्म में उनकी काम की खूब तारीफ हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। पिछले कुछ दिनों से यामी अपनी आगामी फिल्म धूम धाम को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेता प्रतीक गांधी के साथ बनी है और यह दोनों के बीच पहला सहयोग है। अब धूम धाम का पहला पोस्टर सामने आ गया है। धूम धाम के नए पोस्टर में यामी और प्रतीक की झलक दिख रहा है। जहां यामी हाथ में बंदूक थामे नजर आ रही हैं, वहीं प्रतीक काफी डरे हुए दिख रहे हैं।फिल्म के लेखक यामी के पति आदित्य धर हैं, वहीं ऋषभ सेठ इसके निर्देशक हैं।धूम धाम रोमांस और कॉमेडी से भरपूर मनोरंजक फिल्म है, जिसमें शादी के इर्द-गिर्द मस्ती भरी कहानी पेश की जाएगी।इस फिल्म को यामी गौतम के पति आदित्य धर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। बेशक फिल्म का पोस्टर मजेदार अंदाज में साझा किया गया है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है।इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है। फिल्म 14 फरवरी, 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफिलक्स पर रिलीज होगी।

## अनु सिंह चौधरी ने ओटीटी दिग्गजों पर लेखक को नजरअंदाज करने पर फटकार लगाई

अनु सिंह चौधरी, जो कि इंडस्ट्री की सबसे प्रसिद्ध और बेबाक स्क्रीनराइटर में से एक हैं, जो एंटरटेनमेंट की दुनिया में लेखक के साथ होने वाले भेदभाव और उनके अधिकारों की रक्षा पर हमेशा खुलकर अपनी बात रखती हैं। स्कूप, आरिया, इक्लिप्स, ग्रहण, द गुड गर्ल शो और मिसेज जैसी शानदार शोज और फिल्म्स के लिए जानी जाने वाली अनु, हमेशा से ही लेखकों के अधिकारों और सम्मान के लिए आवाज उठाती आई हैं। हाल ही में, अनु ने मीडिया से बातचीत करते हुए ओटीटी प्लेटफार्मों, प्रोड्यूसर्स और यहां तक कि एक्टर्स द्वारा लेखकों को नजरअंदाज किए जाने की समस्या पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने एक बड़ी ओटीटी कंपनी द्वारा हाल ही में किए गए एक अनाउंसमेंट का जिक्र करते हुए कहा, मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहूंगी लेकिन हाल ही एक बहुत बड़े ओटीटी प्लेटफार्म में इतने सारे सीरीज, शोज और फिल्मे लांच की हैं, क्या आप ने किसी राइटर को वहां देखा, किसी को राइटर को बुलाया, उनके बारे में बात की, किसी ने राइटर को कॉल किया, किसी ने थोड़ी सी बात करने की कोशिश भी की, नहीं बिलकुल नहीं. मैं आपको बता दूँ, लॉन्ग फॉर्मेट जो हम टीवी और सीरीज में देखते हैं, वो एक राइटर का मेडियम हैं, और आपने राइटर को नहीं बुलाया? मेकर अपने राइटरस को बुला कर उनके बारे में बात सकते हैं, उन्हें टैग कर सकते है।

# ऑफ शोल्डर टॉप में अवनीत कौर ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें



अवनीत कौर अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं. वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं जो वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस अवनीत कौर ने टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय कर लिया है. एक्ट्रेस अपने बेबाक अंदाज से फैंस का दिल जीत लेती हैं. उनके गॉर्जियस अवतार से लोगों का नजरें हटाना मुश्किल हो जाता है। अवनीत कौर ने हाल ही में एक फोटोशूट कराया है जिसकी फोटोज वायरल हो रही हैं. मरून कलर के ऑफ शोल्डर क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग स्कर्ट पहने एक्ट्रेस बेहद स्टनिंग दिख रही हैं.इसे उन्होंने मैचिंग हाफ ब्लेजर के साथ पेयर किया है. वहीं उनकी स्कर्ट में बना गुलाब के फूलों वाला डिजाइन उनके आउटफिट को और भी खूबसूरत बना रहा है.इस ग्लैमरस ड्रेस के साथ अवनीत ने ब्लैक हील्स कैरी किए हैं. खुले बालों के साथ वे काफी हसीन लग रही हैं.अवनीत ने अपना हेयरस्टाइल कर्ली रखा और डार्क लिप्स्टिक के साथ अपने लुक को फाइनल किया.उन्होंने कभी बैठकर पोज दिए तो कभी खड़े होकर फोटोशूट कराया. फोटोज शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- दोबारा मेरे रेड हेट दौर में.अवनीत की इन तस्वीरों ने फैंस के दिलों की धड़कन तेज कर दी है. एक फैन ने कमेंट किया- सुंदरी. दूसरे ने लिखा- गॉर्जियस. इसके अलावा एक शख्स ने लिखा- इस सुपर स्माइल को किसी की नजर ना लगे।

# परेश रावल की तेरा यार हूं मैं से जुड़ीं नेहा खान

पिछले काफी समय से दिग्गज अभिनेता परेश रावल अपनी आगामी फिल्म तेरा यार हूं मैं को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जावेरी ने संभाली है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए जाने-माने निर्देशक और निर्माता इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।अब तेरा यार हूं मैं की स्टार कास्ट में नेहा खान भी शामिल हो गई हैं।रिपोर्ट के अनुसार, तेरा यार हूं मैं में अमन की जोड़ी नेहा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए नेहा से संपर्क किया है और अभिनेत्री ने इस फिल्म के लिए हामी भर दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि नेहा फिल्म में तनिषा नाम की लड़की का किरदार निभाएंगी। तेरा यार हूं मैं जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस फिल्म निर्माता इंद्र कुमार हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। आकांक्षा शर्मा भी इस फिल्म में अभिनय करती नजर आएंगी। उदित नारायण और आदित्य नारायण मिलकर इस फिल्म के गानों में अपनी आवाज देने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# गंदी सी गंदी चाय की छन्नी क्यों न हो, इन आसान नुस्खों से कुछ ही मिनटों में करें साफ



ज्यादातर लोगों की सुबह की शुरुआत गर्म चाय से होती है. वहीं कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके लिए चाय के बिना दिन की शुरुआत करना असंभव होता है. हालांकि हमें चाय बनाना और पीना जितना पसंद होता है, उतना ध्यान चाय छानने वाली छन्नी पर नहीं होता है. इससे चाय की छन्नी गंदी हो जाती है. इस गंदगी के कारण छन्नी बहुत खराब दिखाई देने लगती है. स्वास्थ्य की दृष्टि से ये गंदगी नुकसानदायक हो सकती है, क्योंकि समय के साथ साफ न करने की वजह से इसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं. चाय छानने के बाद चाहे हम इसे कितना भी साफ कर लें, यह गंदी हो ही जाती है. ऐसे में हम इस लेख में आपको बताएंगे चाय की छन्नी के गंदगी को साफ करने के आसान टिप्स के बारे में..

## डिशवॉश मिलाएं

चाय छन्नी को साफ करने के लिए गुनगुने पानी में डिश वॉश डाल कर घोलें. इसमें छन्नी को 25 मिनट के लिए डुबा दें फिर पुराना टूथब्रश लें और इसे रगड़ कर साफ करें. इससे छोटे से छोटे गंदगी के कण ब्रश से साफ हो जाएंगे.

## गर्म पानी से साफ करें

चाय छन्नी को सिंक में ले जाकर ऊपर से गर्म पानी डालें. इसके बाद स्क्रबर से रगड़ कर छन्नी को साफ करें.

## नींबू से साफ करें

चाय छन्नी को साफ करने के लिए नींबू को काटकर छन्नी में इसे रगड़ दें. फिर कुछ समय के लिए छोड़ दें और पानी से साफ करें.

## बेकिंग सोडा और विनेगर से साफ करें

आप छन्नी को साफ करने के लिए एक कटोरी में बेकिंग सोडा और विनेगर ले सकते हैं. फिर इसमें छन्नी को डाल कर कुछ समय के लिए भिगाकर रख दें. इसके बाद स्क्रबर से रगड़ कर साफ करें लें।

# डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये आयुर्वेदिक उपाय, जल्द मिलेगा आराम



सर्दियों मौसम में चलने वाली ठंडी हवाएं हमारी त्वचा के साथ-साथ स्कैल्प पर भी असर डालती हैं, जिससे सर में डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है. इससे न सिर्फ बालों की सुंदरता कम होती है, बल्कि बालों में खुजली और रूखापन भी आ जाता है. इससे राहत पाने के लिए लोग बाजार में मिलने वाले एंटी-डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये हमेशा सफल साबित नहीं होते हैं. आयुर्वेद में रूसी को जड़ से खत्म करने के लिए प्राकृतिक उपचार बताया गया है, जो स्कैल्प के स्वास्थ्य को बनाए रखता है और बालों को हेल्दी रखने में मदद करता है. आइए जानते हैं डैंड्रफ को दूर करने के आयुर्वेदिक उपाय के बारे में विस्तार से...

## नीम का इस्तेमाल

नीम में एंटीफंगल और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाये जाते हैं, जो सर की रूसी को कम करने और स्कैल्प को साफ रखने में मदद करते हैं. इसके लिए आप नीम की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें और इसे सिर पर 20-30 मिनट लगाकर गुनगुने पानी से धो लें।

## मेथी का उपयोग

मेथी का उपयोग रूसी को कम करने में मदद करती है और स्कैल्प की सूजन को भी कम करती है. मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें और सुबह पीसकर पेस्ट बनाकर बालों में 30 मिनट लगाकर पानी से धो लें।

## नारियल और नीम का इस्तेमाल

नारियल का तेल और नीम का तेल बालों में लगाने से पोषण देता है साथ ही रूसी की समस्या को खत्म करता है. इसके लिए आपको नारियल तेल में नीम का तेल मिलाकर हल्के हाथों से सिर पर मालिश करना होगा. फिर 1-2 घंटे बाद बालों को शैंपू से धो लेना होगा।

## यात्रियों के जत्थे को कंबल सामग्री भेंटकर अरुणा राय ने किया कुंभ के लिए रवाना



सीहोर (निप्र)। धार्मिक यात्रियों के दल को वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय एवं श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने पुष्प मालाऐं पहनाकर सर्दी से बचने के लिए कंबल भेंटकर शनिवार को मंगलमय यात्रा संपूर्ण होने की कामना के साथ प्रयागराज कुंभ के लिए रवाना किया। सार्वभौम सनातन धर्मं महासभा एवं गौ सेवा जनसेवा समिति के तत्वाधान में सुश्री नीलम शर्मां के नेतृत्व में कुंभ यात्रियों ने जगतगुरु यशोदा नंदनजी महाराज का आशीर्वांद भी प्राप्त किया।समाजसेवी अखिलेश राय एवं श्रीमती अरुणा राय ने तीर्थं यात्रियों का आत्मीयता के साथ स्वागत सत्कार किया और मैहर कुंभ चित्रकूट अयोध्या की यात्रा से सीहोर लौटेंगे जगद्गुरु श्रीयशोदा नंदनजी महाराज के द्वारा राम नाम का उच्चारण यात्रियों से करवाया गया।

## जनता पर सीहोर नपा का टैक्स टेररिज्म करना दुर्भाग्यपूर्ण

**विकास शुल्क और जलकर वृद्धि तत्काल वापस ले नपा अन्यथा जनहित में करेंगे विरोध प्रदर्शन**

सीहोर (निप्र)। पिछले दिनों सीहोर नगरपालिका परिषद की साधारण सभा की बैठक में अवैध कॉलोनी वासियों पर विकास शुल्क 50 से घटाकर 30 रुपए प्रति वर्गफीट करने और जलकर में भारी वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव पारित किए गए थे, जिनको लेकर सीहोर की आम जनता में भारी रोष पनप रहा है । सीहोर नपा द्वारा जनता के ऊपर किए जा रहे इस कर आतंकवाद को लेकर कांग्रेस पार्टी ने उस पर करारा निशाना साधा है । जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कहा है कि नगरपालिका कोई पैसा कमाने की मशीन नहीं है बल्कि नगरीय क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था को चलाने वाली एक एजेंसी की तरह है लेकिन सीहोर में वर्तमान नपा परिषद सिर्फ और सिर्फ पैसा कमाने की मशीन बनकर रह गई है और उसे जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं रह गया है । हाल ही में सीहोर नपा की साधारण सभा की बैठक में अवैध कॉलोनी वासियों पर विकास शुल्क की मार हो या लोगों को पानी के लिए तरसाकर भी अनैतिक रूप से जलकर में की गई वृद्धि इन दोनों ही मामलों में सीहोर नपा का अमानवीय तथा असंवेदनशील चेहरा उजागर हुआ है । पंकज शर्मा ने कहा कि ना सिर्फ इन दोनों करों बल्कि कई अन्य प्रकार के नए-नवेले, अनोखे करों तथा उपकरों के माध्यम से सीहोर नपा आम जनता को ठग रही है और उसकी गाढ़ी कमाई की खुलेआम लूट की जा रही है जो निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है । पंकज शर्मा ने सीहोर नपा से विकास शुल्क तत्काल वापस लेने या उसकी वसूली कॉलोनाइजर से किए जाने सहित जलकर वृद्धि को भी अविलंब वापस लिए जाने की मांग करते हुए कहा है कि पहले सीहोर नपा सीहोर नगर वासियों को रोजाना पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल प्रदाय करके दिखाए फिर जलकर में वृद्धि करे, अभी उसे जलकर वृद्धि का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि अभी सीहोर नपा ने लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है जबकि अभी सीहोर के आसपास के पेयजल स्त्रोतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है । पंकज शर्मा ने सीहोर नगरपालिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि वो इन दोनों मामलों में तत्काल जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय ले तथा इन दोनों करों को समाप्त करे अन्यथा जनहित में सीहोर नपा के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा ।

## सीहोर गुरु रविदास जयंती में शामिल होने का उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने दिया आश्वासन आर.के. बांगरे


सीहोर (निप्र)। सेवा निवृत सहायक संचालक शिक्षा एक्सेनलिंस प्राचार्य सीहोर रवींद्र कुमार बांगरे ने प्रतिनिधि मंडल के साथ संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती भव्यरूप से सीहोर जिले की आष्टा, सीहोर



, नसरुल्लागंज , इछावर तहसील में मनाए जाने की जानकारी मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जी को दी तथा जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया श्री देवड़ा द्वारा रविदास जयंती के राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम में आने का आश्वाशन दिया । प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से रवींद्र कुमार बांगरे , जिला आजक्ष अध्यक्ष एच एश निमझे , नरेंद्र खंगाले , प्रदेश महामंत्री आजक्ष कल्याण परिषद आस्था गुरु रविदास जयंती समारोह अध्यक्ष बलवंत सिंह बगाना , मीडिया संग संरक्षक पत्रकार केजी बैरागी , मीडिया संग अध्यक्ष नितिन जौहरी , सक्षम पालीवाल , जिला पंचायत प्रतिनिधि अवंतिका सुनील फ़रेला , पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश बगाना, एम एल कराड़िया पूर्व प्राचार्य , पूर्व जयंती अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ठेकेदार , घनश्याम झंडा , चादर सिंह केठवाल, सरपंच गण गंगाराम , जितेंद्र खेलवाल , रोहित बामनिया , देवकरण सिंह , ओमप्रकाश सिरोलिया , आदि भरी संख्या में अनुसूचित जाति समाज भरी संख्या में उपस्थित था ।

## उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने प्रयागराज में आयोजित "ज्ञान महाकुम्भ-2081" में सहभागिता की

**"शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास" ने किया है प्रयागराज में "ज्ञान महाकुम्भ-2081" का आयोजन**



सीहोर (निप्र)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने उत्तरप्रदेश के तीर्थराज प्रयागराज में, "शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास" के तत्वावधान में चल रहे "ज्ञान महाकुम्भ-2081" के परिप्रेक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय "भारतीय शिक्षा राष्ट्रीय संकल्पना" राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा के संदर्भ में विभाग के विविध प्रस्तुतीकरण की सराहना भी की। मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन के व्यापक चिंतन-मंथन से भारतीय ज्ञान परम्परा के संदर्भ में निकलने वाले निष्कर्ष को पाठ्यक्रमों में समाविष्ट करेंगे। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में भारतीय दृष्टि से समृद्ध शिक्षा की ओर बढ़ने में गति मिलेगी।विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ. धीरेंद्र शुक्ल ने बताया कि प्रदेश में विविध सेमिनार और वेबिनार से प्राप्त महत्वपूर्ण अनुशंसाओं के आधार पर प्रकाशित भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध पुस्तकों को, स्टॉल में अवलोकन के लिए रखा है। क्यूआर कोड भी प्रदर्शित किया गया है, इसे स्कैन करके विभागीय वेबसाइट पर भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित पुस्तकों का संग्रह देखा जा सकता है। डॉ शुक्ल ने बताया कि स्टॉल में भारतीय ज्ञान परम्परा विविध संदर्भ को लेकर आयोजित की गईं विविध कार्यशालाओं का भी वीडियो से प्रेजेन्टेशन किया जा रहा है।

## एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

सीहोर (निप्र)। अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनातर्गत एमपीटास पोर्टल पर पीएमएस मॉडयूल के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सत्र 2021-22 नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन अप्लाई करने के लिए पोर्टल खुलने की तिथी 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनांतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन करने के लिए अंतिम बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। पहले अंतिम तिथी 31 जनवरी निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़कर 15 फरवरी कर दिया गया है। सभी संस्थाओं को शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 (पीएमएस एवं आवास) के लिए सभी पात्र विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## विभिन्न कंपनियां 2836 पदों पर करेंगी भर्तियां

**पीएम श्री कॉलेज में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 11 फरवरी को**

सीहोर(निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर), जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं आईटीआई सीहोर द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 11 फरवरी 2025 को प्रात: 10:30 बजे से 04 बजे तक युवां संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार- स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।इस रोजगार मेले में एक्सिस बैंक, वर्धमान फेवरिक्स, आईसीआईसीआई बैंक, ब्रिम एम्प्लॉयविलिटी, श्रीराम फाइनेंस, चेकमेट सिक्योरिटी प्रा.लि., नवभारत फर्टीलाईजर ड्रीमलाईन इंटरप्राजेज, पीपल ट्री ऑनलाईन प्रा.लि., कार्पोरेट स्टेप्स, अरविंद लिमिटेड, टैलेंट सेतु सर्विस, आईपीएस ग्रुप देवास, बोर्न बोन इंटरप्राईजेज, स्किल विजन संस्था के द्वारा बिजनेस डेवलपर मैनेजर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, स्टोर मैनेजर, एचआर एक्जीक्यूटिव, काउंसलर, मार्केटिंग मैनेजर, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन, क्वालिटी लाईन ऑपरेटर, सीएनसी ऑपरेटर सहित हेल्पर के 2836 पदों पर 10वीं, 12वीं, स्नातक, आई.टी.आई., स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पास युवक युवतियों की भर्ती की जाएगी।

## कल भगवान विश्वकर्माजी का प्रकटोत्सव परंपारिक रूप से मनाया जाएगा मनकामेश्वर मंदिर से भव्य शोभायांत्रा चल समारोह

सीहोर(निप्र)। विश्वकर्मा समाज सेवा समिति द्वारा सोमवार को परंपारिक रूप से भगवान विश्वकर्माजी का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। मनकामेश्वर मंदिर से भव्य शोभायांत्रा चल समारोह निकाली जाएगा और आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन कर समाजिक बंधुओं को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए जा चुके है। चल समारोह अध्यक्ष जितेंद विश्वकर्मा ने



बताया की सुबह देवनगर कॉलोनी स्थित भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर परिसर में भगवान विश्वकर्माजी की पूजा अर्चना एवं हवन कार्यक्रम होगा। सुबह 9 बजे तहसील चौराहा स्थित मनकामेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी। शहर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। मंदिर में संगीतमय भजनो की प्रस्तुति कलाकारों के द्वारा दी जाएगी। सामुहिक विवाह सम्मेलन 11 बजे से शुरू होगा तत्पश्चात भोजन प्रसादी को वितरण किया जाएगा।

## आप दा मुक्त हो गई राजधानी दिल्ली पीएम की दूरदर्शिता ने दिलाई जीत-राय

सीहोर(निप्र)। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विधायक सुदेश राय की उपस्थिति में दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय की प्रतिमा के समक्ष ढोल ढमाकों के साथ नाच गाकर नागरिकों को मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप सम्राट प्रजापति सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। दिल्ली विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक सुदेश राय ने दिल्ली के प्रत्येक मतदाता के प्रति ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा की देश की राजधानी दिल्ली आप दा मुक्त हो गई है। दिल्ली की जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी विचारधारा और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक मेहनती कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण सहयोग है उन्होने कहा की जल्दी ही पंजाब को भी आप दा से मुक्ति दिलाना है और देश के हर राज्य में कमल खिलाना है। जश्न में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गणमानीय नागरिक शामिल रहे।

## दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जसपाल सिंह अरोरा ने दी बधाई

सीहोर (निप्र)। देश की राजधानी दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर सीहोर के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी बधाई दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रयासों सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं अथक परिश्रम की जीत है। दिल्ली में भाजपा की जीत ने यह भी साफ कर दिया है कि अब देश को डबल इंजन की सरकार ही चाहिए। अब दिल्ली की जनता भ्रष्टाचारी सरकार को नहीं चाहती। श्री अरोरा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी पर ही पूरी तरह से झाड़ू चला दी है और उन्हें अब 'आपदा' की जरूरत नहीं है। अब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार का विकास दौड़ेगा और दिल्ली को नई दिशा देगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## सोमवार को किया जाएगा चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में भव्य प्रसादी का वितरण

**हवन-यज्ञ से आती है जीवन में सकारात्मकता, इसके बिना पूर्ण नहीं होती पूजा : पंडित चेतन उपाध्याय**



सीहोर (निप्र)। हमारे धर्म में हवन, यज्ञ का विशेष महत्व माना जाता है, महायज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा के समय सात्विक रूप से पूर्ण विधि-विधान से अग्नि के माध्यम से ईश्वर की उपासना करने की प्रक्रिया को हवन या यज्ञ कहते है। हय हमारे जीवन में सकारात्मकता लेकर आती है। उक्त विचार शहर के छावनी नगर पालिका परिसर स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। शनिवार को मुख्य मनोरथी ओम रचना राय, नंद किशार निर्मल शर्मा, निलेश अग्रवाल, राजकुमार संध्या ताम्रकार, प्रहलाद दास पिंकी शर्मा सहित अन्य ने नगर पुरोहित यज्ञाचार्य पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे के मार्गदर्शन में आहुतियां दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि रविवार को नंद किशोर शर्मा, हरीश चंद्र राजेन्द्र अग्रवाल, लखन परमार, संजय ताम्रकार और अनिल दुबे आदि हवन में आहुतियां देंगे।

पंडित श्री उपाध्याय ने बताया कि यज्ञ की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। हिंदू धर्म ग्रंथों में मनोकामना पूर्ति तथा अनिष्ट को टालने के लिए यज्ञ करने के कई प्रसंग मिलते हैं। रामायण व महाभारत में ऐसे अनेक राजाओं का वर्णन मिलता है, जिन्होंने अनेक यज्ञ किए हैं। देवताओं को प्रसन्न करने के लिए भी यज्ञ किए जाने की परंपरा है। शास्त्रों के अनुसार यज्ञ की रचना सर्वप्रथम परमपिता ब्रह्मा ने की। यज्ञ का संपूर्ण वर्णन वेदों में मिलता है। यज्ञ का दूसरा नाम अग्नि पूजा है। यज्ञ से देवताओं को प्रसन्न किया जा सकता है साथ ही मनचाहा फल भी प्राप्त किया जा सकता है। ब्रह्मा ने मनुष्य के साथ ही यज्ञ की भी रचना की और मनुष्य से कहा इस यज्ञ के द्वारा ही तुम्हारी उन्नति होगी। यज्ञ तुम्हारी इच्छित कामनाओं, आवश्यकताओं को पूर्ण करेगा। तुम यज्ञ के द्वारा देवताओं को पुष्ट करो, वे तुम्हारी उन्नति करेंगे। धर्म ग्रंथों में अग्नि को ईश्वर का मुख माना गया है।

## कुबेरेश्वरधाम पर 25 फरवरी से भव्य रुद्राक्ष महोत्सव

**अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा**



सीहोर (निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 25 फरवरी से होने वाले भव्य महोत्सव को लेकर कथा स्थल के भव्य परिसर में डोम लगाए जा रहे है। इसके अलावा प्रशासन भी यहां पर अतिथियों, साधु संतो और लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही है। शनिवार की सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर मौजूद अधिकारियों, ग्रामीण और शहरी विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों के अलावा आस-पास के सभी समाजसेवियों के साथ ही अन्य के साथ कथा स्थल का जायजा लेकर पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए बात कही।

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा छत्तीसगढ़ से लौटने के बाद धाम पर पहुंचे थे। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा समितियों से चर्चा की। अब पंडित श्री मिश्रा प्रयाग राज के लिए रवाना हो जाऐंगे। समिति के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। रुद्राक्ष महोत्सव का शुभारंभ 25 फरवरी से किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रतिदिन सुबह शिवलिंग का अभिषेक, दोपहर में कथा और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गत दिनों कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने धाम पर पहुंचकर निरीक्षण किया था इस दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कुबेरेश्वर धाम परिसर तथा आसपास यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विद्युत लाइन, केबल तथा पोल कहीं से क्षतिग्रस्त न हों तथा विद्युत विभाग की टीम को एक्टिव मोड पर रखा जाए।

## आज खेला जाएगा शहर के बीएसआई मैदान पर जारी एसपीएल-सीजन-6 का फाइनल

**काका लायंस ने रोमांचक मैच में क्रिसेंट वारियर्स को दो रन से हराया**



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही एसपीएल-सीजन-6 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को काफी रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में काका लायंस ने अंतिम ओवर में क्रिसेंट वारियर्स को दो रन से हराया। मैच के अंतिम ओवर में वारियर्स को तीन रन चाहिए थे, लेकिन काका लायंस की शानदार गेंदबाजी के आगे बल्लेबाज बेबस नजर आए और पूरी टीम 19.4 ओवर में 128 रन पर सिमट गई।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी काका लायंस की शुरूआत खराब रही। उसके सलामी बल्लेबाज हितेश पांच गेंद पर एक रन और सेमसन मात्र नौ रन के निजी स्कोर पर वारियर्स के गेंदबाज उज्जवल ने आउट किया, लेकिन विकेट पर आए दिग्गज खिलाड़ी नीरज मेहरा ने 20 गेंद पर 13 रन और कमलेश परोचे ने 27 गेंद पर 34 रन बनाकर पारी को संभाला। इस मैच में चेतन मेवाड़ा ने 25 रन, हेमंत केसरिया ने 17 रन और आनंद ने 12 रन की पारी खेली थी, इस प्रकार लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 130 रन बनाए। वहीं क्रिसेंट वारियर्स की ओर से उज्जवल ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट, हेमंत चौरसिया, मयंक, विशांक शिंदे, रुपेश और निशांत ने एक-एक विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम अंतिम ओवर तक संघर्ष करती नजर आई, पूरी टीम 19.4 ओवर में 128 रन ही बना सकी, इस प्रकार दो रन से पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें जितेन्द्र जायसवाल ने 23 रन, विकास ने 19 रन, मयंक ने 17 रन, सुनील जलोदिया ने 23 रन, आशीष-हेमंत चौरसिया ने 13-13 रन बनाए थे। इधर काका लायंस की ओर से चेतन मेवाड़ा ने दो, स्पनिल भारिया ने 4 ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट के अलावा आदित्य अग्रवाल, नीरज मेहरा ने एक-एक विकेट हासिल किया। रविवार को प्रतियोगिता का फाइनल खेला जाएगा। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा टीम के चारों आनर पुरस्कार वितरण करेंगे।

## अ.जा. महिला अयोध्या बाई मालवीय एवं पति पुत्र द्वारा घर में घुसकर धार दार हथियार से मनोज सिंह को घायल कर झूठी शिकायत पर कार्यवाही कि मांग

सीहोर (निप्र)। ग्राम पचामा थाना कोतवाली सीहोर म . प्र. अंतर्गत अ.जा. महिला अयोध्या बाई मालवीय पति रामचरण मालवीय पुत्र रामप्रसाद मालवीय(रामा) द्वारा मुकेश सिंह चौहान के खसरा क्रमांक 178 भूमि के पट्टे के मकान में दादा गिरी से घुसकर धारदार हथियार कुलड़ी सरिया डंडे से प्राणघातक हमला कर जान से मारने की कोशिश की जिसका वीडियो उपलब्ध है उक्त घटना में मनोज सिंह का हाथ फ्रैक्चर है । पीड़ित द्वारा सिटी कोतवाली में शिकायत करने पर अयोध्या बाई , रामचरण मालवीय , रामप्रसाद मालवीय (रामा) के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0087 दिनांक 31/01/25 को धारा बी एन एस धारा 296,115(2),351(3),3(5) के तहत अपराधियों पर प्रकरण पंजीवत किया गया आरोपीगण द्वारा कलेक्टर एस.पी. को झूठी शिकायत कर मीडिया को भी भ्रमित कर बयान जारी किए जा रहे है । आरोपीगण द्वारा मुकेश सिंह चौहान के निजी मकान का ताला तोड़ कर कब्जा करने का प्रयास विगत 2 माह से किया जा रहा है भूमि स्वामी की अनुपस्थिति में एवं स्ट्/स्ज्ञ एक्ट के तहत आरोपीगणों द्वारा पीड़ित परिवार पर झूठा प्रकरण बनाए जाने की धमकी दी जा रही है । प्रकरण में तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा मौके पर जांच में उक्त मकान एवं भूमि मुकेश सिंह पिता आनंद सिंह का पाया गया है पीड़ित परिवार ने जानमाल की सुरक्षा एवं आरोपीगणों द्वारा दी जारही झूठे प्रकरण पंजीवत की धमकी का आवेदन दिया तथा अपराधियों पर तत्काल कड़ी से कड़ी कारवाही की मांग की गई है ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com